इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -296 | राजनांदगांव, शनिवार 14 सितंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## दिल्ली शराब घोटाला : अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से रिहा, समर्थकों में खुशी की लहर; बोले- देश विरोधी ताकतों से लड़ता रहूंगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार शाम करीब 6.15 बजे तिहाड़ जेल से रिहा हुए। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके 177 दिन बाद अब तिहाड़ जेल से केजरीवाल की रिहाई हुई है। इसबीच, वे चुनाव प्रचार के लिए मई में 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत पर बाहर आए थे। पहले ईडी और अब सीबीआई केस में जमानत मिलने के बाद केजरीवाल की रिहाई का रास्ता साफ हुआ।

दिल्ली में बारिश के बीच शाम को जैसे ही केजरीवाल तिहाड़ जेल के गेट नंबर 3 से बाहर आए, समर्थकों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद सभी समर्थकों का आभार जताया। जेल के बाहर दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, पंजाब के सीएम भगवत मान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे।

### जेल में मेरी ताकत 100 गुना बढ़ गई - केजरीवाल

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने समर्थकों को संबोधित किया। सीएम ने कहा



कि भगवान ने मेरा साथ इसलिए दिया क्योंकि मैं सच्चा था। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। इन लोगों को लगा कि केजरीवाल जेल में रहकर कमजोर हो जाएगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ।

दिल्ली के सीएम ने कहा कि जेल में रहने के बाद उनके हौसले 10 गुना ज्यादा बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरी ताकत 100 गुना ज्यादा बढ़ गई है। इनकी जेल की सलाखें केजरीवाल के हौसलों को कम नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि उनका भगवान ने हमेशा साथ दिया है और हमेशा भगवान उनका साथ देंगे। इसलिए देश विरोधी ताकतों के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

### सुको ने शर्तों पर दी केजरीवाल को जमानत

- दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जमानत मिलने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जा सकेंगे।
- केजरीवाल किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे।
- शराब नीति घोटाले से जुड़ा कोई सार्वजनिक बयान नहीं दे सकेंगे।
- दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को 10 लाख रुपये का बेल बॉन्ड भरना होगा।
- जांच में बाधा डालने या केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।
- जब भी जरूरत पड़ेगी। तभी ट्रायल कोर्ट में पेश होंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल दो घंटे पहले ही तिहाड़ के लिए रवाना हो गई थी। कहा जा रहा था कि दिल्ली के सीएम शाम करीब 5 बजे बाहर निकलेंगे। जिसके बाद से तिहाड़ जेल के गेट नंबर चार पर बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पहुंच गए और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## समापन सत्र में बोले सीएम साय- पुलिस के हाथ लोहे की तरह और दिल मोम जैसा होना चाहिए

### कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में सीएम बोले-अपराधियों के मन में कानून का भय हो



रायपुर। छत्तीसगढ़ में आज कलेक्टर और एसपी कॉन्फ्रेंस का दूसरा दिन है। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। सीएम साय ने कहा है कि अपराधियों के मन में कानून का भय हो, पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले। आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रहे। पुलिस का व्यवहार आम नागरिकों के साथ मित्रवत हो। पुलिस थानों का वातावरण ऐसा हो कि आम नागरिक को पुलिस थानों में प्रवेश करते समय सहयोग की उम्मीद हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर और एसपी आपसी समन्वय स्थापित करें और प्रभावी ढंग से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है, पिछले वर्षों की तुलना में अपराध की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है, इससे अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। लोगों को जागरूक करना और उन्हें इस बात का भरोसा दिलाना होगा कि पुलिस उनके साथ है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य में गौ-तस्करी व नशाखोरी एक बहुत बड़ी समस्या है, इस पर कड़ाई से नियंत्रण सुनिश्चित करें। अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री, जुआ, सट्टा एवं गांजा की तस्करी, समाज में अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। हत्या जैसे मामले में कार्रवाई में देरी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अवैध शराब बिक्री और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की बढ़ी मुश्किलें, इस्तीफे की मांग के बीच करोड़ों की धोखाधड़ी करने का लगा आरोप



बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के विरुद्ध एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शिकायत दर्ज कराई गई है। मुख्यमंत्री पर बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) से 68 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है।

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में आरोपों का सामना कर रहे सिद्दरमैया के लिए यह एक नया संकट है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत के मुडा मामले में अभियोजन चलाने के आदेश के विरुद्ध मुख्यमंत्री हाई कोर्ट पहुंचे।

कोर्ट ने मामले को रखा सुरक्षित

कोर्ट ने इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता व आरटीआई कार्यकर्ता एनआर रमेश ने शुक्रवार को शिकायत सौंप कर विशेष अदालत से मुख्यमंत्री सिद्दरमैया एवं अन्य के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा, सिद्दरमैया के पिछले कार्यकाल 2013 से 2018 के दौरान सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) और लोकायुक्त एजेंसियों के पास शिकायत पंजीकृत कराई गई थी।

इसमें बीबीएमपी को 68.14 करोड़ रुपये का शुल्क चुकाए बिना उसके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चीन को चुनौती देने अब आ रहा है जोरावर, स्वदेशी लाइट टैंक का पहला परीक्षण सफल

नई दिल्ली। डीआरडीओ के स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर का परीक्षण सफल रहा। रेगिस्तान में हुए पहले ही परीक्षण में टैंक ने सटीकता के साथ इच्छित लक्ष्य को भेदने में सफल रहा। इसके साथ ही अब भारत की तेज़ बख्तरबंद लड़ाकू वाहन की तलाश पूरी हो गई। चीन से सटी लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों हों या फिर पाकिस्तान से सटा कच्छ का रण। जोरवार का जोर अब हर जगह भारी पड़ेगा।

अब जोरावर के साथ तेजी से सैनिक आवागमन कर सकेंगे। 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई पर इन्हें बहुत ही आसानी से ले जाया जा सकेगा। यहां टी-72 और टी-90 जैसे भारी टैंकों को पहुंचने में मुश्किल होती थी। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. कामत ने बताया कि अगले छह महीनों में विकास परीक्षणों से गुजरेगा और फिर भारतीय सेना को दिसंबर तक उपयोगकर्ता परीक्षण के लिए सौंप दिया जाएगा।



### अभी चीन को घेरने के लिए तैनात हैं भारी टैंक

भारतीय सेना ने चीन को चौतरफा घेरने के लिए एलएसी पर 40 से 50 टन वजन वाले रूसी मूल के भीष्म टी-90, टी-72 अजय और मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन भी तैनात कर रखा है। लद्दाख के ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए सेना के जवानों को कई दर्रों से गुजरना पड़ता है।

### 25 टन से कम वजन के बनाए जाएंगे 354 टैंक

एलएंडटी ने डीआरडीओ के सहयोग से 354 टैंकों का निर्माण करेगा। इसका वजन 25 टन से कम रहेगा। 2021 के अंत तक 59 का निर्माण करने के लिए हरी झंडी दे दी गई है। इसे के-9 वज्र सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टी 155 मिमी. की चेसिस पर तैयार किया जाएगा। गुजरात के हजीरा में एलएंडटी के प्लांट में के-9 वज्र टैंक भी तैयार किया गया है।

### 2027 तक होगा सेना में शामिल, ढाई साल तक चलेगा परीक्षण

स्वदेशी टैंक जोरावर के परीक्षण में अभी दो साल लगेंगे। इसके बाद 2027 तक इसे सेना के बे? में शामिल कर लिया जाएगा। ये सभी टैंक हल्के होने के साथ-साथ बेहतर मारक क्षमता और सुरक्षा प्रदान करने वाले होंगे।

## अडाणी ग्रुप टाईम की बेस्ट कंपनीज लिस्ट में शामिल, दुनिया की 1000 कंपनियों में मिला स्थान



नई दिल्ली। अडानी ग्रुप को टाईम की प्रतिष्ठित वर्ल्ड्स बेस्ट कंपनीज़ 2024 लिस्ट में स्थान मिला है। यह लिस्ट स्टैटिस्टा, जो एक अग्रणी ग्लोबल इंडस्ट्री रैंकिंग और स्टैटिक्स पोर्टल है, के साथ मिलकर तैयार की गई। जिसमें दुनिया की 1000 टॉप कंपनियां शामिल की गई। उद्योगपति गौतम अडाणी के मालिकाना हक वाली कंपनी ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सम्मान अडाणी ग्रुप के कर्मचारियों की संतुष्टि, रेवेन्यू ग्रोथ और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह हमारी लगातार मेहनत और बिजनेस में उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयासों का प्रमाण है।

इन तीन बिंदुओं पर टाईम के कंपनियों को परखा

वर्ल्ड्स बेस्ट कंपनीज़ 2024 लिस्ट तीन मुख्य बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई, जिनमें कर्मचारियों की संतुष्टि, रेवेन्यू ग्रोथ और स्थिरता शामिल है। अडाणी ग्रुप की 8 लिस्टेड कंपनियों को इस वैल्यूएशन में शामिल किया गया। इनमें अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशन्स, अडाणी टोटल गैस, अंबुजा सीमेंट्स, अडाणी पावर और अडाणी विल्मर लिमिटेड शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सौम्या चौरसिया के निवास पर आयकर विभाग ने चस्पा की संपत्ति कुर्की का नोटिस



दुर्ग। दुर्ग में छत्तीसगढ़ के कोल स्कैम घोटाले के मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्ववर्ती सरकार में उपसचिव रही सौम्या चौरसिया के भिलाई स्थित सूर्या रेसीडेंसी के निवास पर अब आयकर विभाग ने संपत्ति कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया है। सूर्या रेसीडेंसी के मकान नंबर ए-1 और ए-22 में अलग अलग नोटिस लगाया गया है। आयकर विभाग ने इस सूर्या रेसीडेंसी के प्लाट ए-1 और ए-22 संपत्ति को आयकर उपायुक्त के द्वारा बेनामी प्रतिबंध इकाई रायपुर द्वारा आदेश बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 24/4 के तहत अनंतिम रूप से संलग्न किया गया है। यह आदेश आयकर उपायुक्त बेनामी प्रतिषेध इकाई रायपुर और आयकर निदेशालय (अन्वेषण) रायपुर के द्वारा चस्पा किया गया है।

आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रह चुकी सौम्या चौरसिया कथित कोल स्कैम घोटाला और मनी लांड्रिंग के मामले में पिछले 16 महीनों से रायपुर जेल में बंद है। इसके पूर्व प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा जांच की जा रही थी। सूर्या रेसीडेंसी के ब्लॉक ए के मकान नंबर 103 में अब तक ईडी के द्वारा चस्पा किए गए नोटिस को नही हटाया गया है।

कोल स्कैम और मनी लांड्रिंग मामले में ईडी के द्वारा सौम्या चौरसिया सहित सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल आईएएस रानू साहू और समीर बिश्नोई को भी अलग अलग तारीख को गिरफ्तार किया गया है। ईडी के द्वारा अब तक इन मामलों में 222 करोड रुपए की संपत्ति अटैच की है।

## भ्रष्टाचार पर सरकारी नकेल: पंजीयन विभाग में बड़ा बदलाव, तीन बड़े राजस्व जिलों के अफसर से लेकर बाबू तक हटाए गए



रायपुर। छत्तीसगढ़ के रजिस्ट्री विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर नकैल कसने के लिए सालों से जमे अधिकारियों, कर्मचारियों को बदल दिया गया है। पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी ने एक्शन लेते हुए विभाग की ओर से 60 अधिकारियों, कर्मचारियों की सूची विभाग ने जारी कर दी है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बड़ा बदलाव किया गया है।

दरअसल पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी ने यह एक्शन लिया है। रजिस्ट्री विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर नकैल कसने सालों से जमे अधिकारियों, कर्मचारियों को बदल दिया है। जिसमें सबसे ज्यादा अधिक रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के अधिकारी, कर्मचारी हटाए गए हैं।राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी जिले के अधिकारी से लेकर कर्मचारियों तक को बदल दिया गया है।

### अधिकारी से कर्मचारी हटाए गए

ओपी चौधरी ने कहा कि रायपुर, बिलासपुर, और दुर्ग में सबसे अधिक राजस्व आता है। साथ ही सबसे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी की जनसभा से कुछ घंटे पहले किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़, 2 जवान शहीद; दो घायल



किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डोडा में जनसभा से कुछ घंटे पहले शुक्रवार शाम को किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सेना के दो जवान बलिदान हो गए। जबकि दो घायल हुए हैं। इसके बाद भाग निकले आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान छेड़ दिया है।

### जनसभा स्थल से 20 किमी दूर हुआ हमला

हमला स्थल से डोडा में पीएम की जनसभा स्थल की दूरी करीब 20 किमी है। किश्तवाड़ में जहां यह हमला हुआ, उससे करीब 15 किलोमीटर दूर भाजपा की दो रैलियां भी चल रहीं थीं। एक जगह केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और दूसरी जगह राज्यसभा सदस्य गुलाम अली खटाना लोगों को संबोधित कर रहे थे।

डोडा में पहले चरण के तहत 18 सितंबर को मतदान होना है। इसको लेकर तैयारियां व सुरक्षा प्रबंधों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बता दें कि मुठभेड़ किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी क्षेत्र छात्रू में हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार को डोडा में जनसभा, भाजपा नेताओं की रैलियों और 18 को मतदान के मद्देनजर सुरक्षाबल पहाड़ी क्षेत्रों में गश्त व मोर्चा संभालने में जुटे थे।

### मुठभेड़ में चार जवान हुए घायल

इसी दौरान दोपहर बाद करीब चार बजे छात्रू के नाइद गांव में जब सुरक्षा बलों का दस्ता आगे बढ़ा तो एक जगह छिपे आतंकियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गलवान घाटी समेत इन चार जगहों से पीछे हटी चीनी सेना, एनएसए डोभाल की बैठक लाई रंग

बीजिंग। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी सहित चार स्थानों से सैनिक पीछे हटे हैं। गुरुवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच बैठक हुई थी और इसमें दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई थी। सीमा से सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के लिए तत्परता से काम करने पर दोनों पक्ष सहमत हुए थे।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि दोनों सेनाएं चार क्षेत्रों में पीछे हट गई हैं। सीमा पर स्थिति नियंत्रण में और स्थिर है।



विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक ब्रीफिंग में यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों देश पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण चार साल से अधिक समय से जमे द्विपक्षीय संबंधों को पुनर्जीवित करने के करीब हैं, के जवाब में उन्होंने यह प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि चीन-भारत संबंधों की स्थिरता दोनों देशों के दीर्घकालिक हित में है। यह क्षेत्रीय शांति और विकास के लिए भी बहुत जरूरी है। रूस में हुई बैठक में दोनों देशों ने सहमति को लागू करने, आपसी समझ और विश्वास बढ़ाने, निरंतर संचार बनाए रखने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए स्थितियां बनाने पर सहमति जताई थी। चीनी विदेश मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण से अपने मतभेद दूर करेंगे।




## वित्त मंत्री सीतारमण के बयान पर भड़के राहुल-खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तमिलनाडु के व्यापारी के जीएसटी को लेकर सरकार से पूछे गए सवाल पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भड़कने को शुक्रवार को उनका अहंकार बताया और कहा कि यदि सरकार से कोई सवाल पूछे तो उसका अपमान करके नहीं बल्कि आदर से जवाब दिया जाना चाहिए लेकिन मोदी सरकार के मंत्रियों को जनता का अपमान करने में सुख का एहसास होता है।

श्री खड़गे ने कहा, 'गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए 'टैक्स टेरर' और श्री मोदी के दोस्तों के लिए 'टैक्स में कटौती'। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोयंबटूर में श्री अन्नपूर्णा रेस्तरां के मालिक, जो एक छोटे व्यवसायी हैं, सत्ता के अहंकार में उनको अपमानित किया है। श्रीमती सीतारमण पहले भी इसी तरह के सार्वजनिक बयान देती रही हैं। एक व्यवसायी ने त्रुटिपूर्ण जीएसटी के बारे में सवाल पूछा तो पहले वित्त मंत्री ने उनकी हंसी उड़ाई और फिर उन्हें कैमरे पर माफी मांगने



के लिए मजबूर किया। एमएसएमई और छोटे व्यवसाय के मालिको को त्रुटिपूर्ण जीएसटी और नोवटबंदी के रूप में बराबर मोदी सरकार के वित्तीय हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है लेकिन भाजपा केवल मोदी जी के करीबी मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कांग्रेस पहले दिन से कह रही है कि हमें आवश्यक वस्तुओं पर सरल, समान, मध्यम और तर्कसंगत जीएसटी की आवश्यकता है। हमने 2024 के घोषणापत्र में कहा कि कांग्रेस मौजूदा जीएसटी कानूनों को जीएसटी 2.0 से बदलेगी। नई जीएसटी व्यवस्था सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सिद्धांत पर आधारित होगी कि जीएसटी एकल, मध्यम दर कुछ अपवादों के साथ होगी जिससे बोझ नहीं पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भाजपा की 'छोटे मालिकों को लूटो और दूत को गोली मारो' नीति देश की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी है।

श्री गांधी ने कहा, कोयंबटूर में अन्नपूर्णा रेस्तरां जैसे छोटे व्यवसाय का मालिक हमारे लोक सेवकों से सरलीकृत जीएसटी व्यवस्था की मांग करता है तो उसके अनुरोध को अहंकार और घोर अनादर के साथ पूरा किया जाता है। फिर भी, जब कोई अरबपति मित्र नियमों को मोड़ना चाहता है, कानूनों को बदलना चाहता है, या राष्ट्रीय संपत्ति हासिल करना चाहता है, तो मोदी जी लाल कालीन बिछा देते हैं।

उन्होंने कहा, हमारे छोटे व्यवसाय के मालिक पहले ही नोटबंदी, दुर्गम बैंकिंग प्रणाली, कर जबरन वसूली और विनाशकारी जीएसटी की मार झेल चुके हैं। आखिरी चीज़ जिसके वे हक़दार हैं वह है और अधिक अपमान लेकिन जब सत्ता में बैठे लोगों के नाजुक अहंकार को ठेस पहुंचती है, तो ऐसा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भाजपा सदस्यता अभियान हेतु विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न



## दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

डोंगरगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर 2 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान को लेकर गुरूवार को भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रागंण में संपन्न हुई. बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने तथा विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक सदस्य बनाने सहित निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मुख्य वक्ता दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा.

बैठक में पूर्व जिपं अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री दिनेश गांधी ने सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी. उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी है. इसके सदस्यता अभियान को सभी को गंभीरता से लेना है. भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग तथा क्षेत्र तक पहुंचकर सभी को भाजपा का सदस्य बनाने के लिए काम करना है ताकि कोई भी व्यक्ति राष्ट विकास के योगदान में पीछे न रह जाये.

इस अवसर पर पहुंचे दुर्ग विधायक श्री यादव ने सर्वप्रथम दायित्वाधीन कार्यकर्ताओं से क्रमवार परिचय प्राप्त किया. पश्चात् कहा कि सदस्यता अभियान की प्राथमिकता को हमें गंभीरता से लेना होगा. पार्टी ने इसे सदस्यता महापर्व का नाम दिया है अतः अन्य त्यौहारों की भांति हम इस संगठन महापर्व में भी उत्साह के साथ भाग लेंवे. विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों में 2 सौ कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य हासिल कर लें तो 50 हजार का लक्ष्य हासिल करना कठिन नहीं होगा. उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी से मिले निर्देश अनुसार 50 सदस्य बनाने वाला ही सक्रिय सदस्यता प्राप्त करने का अधिकारी होगा, इसलिए सभी कार्यकर्ता इस प्रयास में रहें कि कम से कम उनके मार्फत से 50 सदस्य अवश्य बनें. उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान पूरी तरह हाईटेक है और मोबाईल के माध्यम से सदस्य बनाना काफी आसान है. इससे पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि राजनांदगांव जिले में डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से अब लगभग 8 हजार सदस्य बन चुके हैं, जो पूरे राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक है लेकिन अभी हम सबको और मेहनत करने की आवश्यकता है.

बैठक में प्रमुख रूप से जिपं सदस्य जागृति यदु, जिपं सदस्य इन्दुमति साहू, डॉ.निरेन्द्र साहू, दुर्ग के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश दीक्षित, अपर्णा तिवारी, निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, जागेश्वर यादव राजू, डिकेश साहू, टोमन साहू, चुन्नी यदु, गुलशन हिरवानी, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 23 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में सहायिका पद हेतु 23 सितम्बर 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। सहायिका पद पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) जिला राजनांदगांव में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# आपदा प्रभावितों को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावित को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रूपए एवं आग से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए आपदा प्रभावित एवं परिवारों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

# नाबालिग बालिका का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



## घर में पीड़िता को अकेली देख आरोपी ने घटना को दिया अंजाम

डोंगरगढ़ (दावा)। थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में आरोपी दीपक सेन पिता मनराखन सेन उम्र-42 साल निवासी खण्डुपारा के द्वारा दिनांक-11सितंबर के शाम 7:30 बजे एक नाबालिग पीड़िता के घर में घुसकर घर में सुना देखकर जानबुझकर पीड़िता को बहला-फुसलाकर नाबालिग पीड़िता के साथ जबरदस्ती संबंध बनाया गया। जिसकी सूचना पीड़िता द्वारा अपनी माँ को देने पर पीड़िता की माँ ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने 12 सितंबर को रात्रि 8 बजे थाना डोंगरगढ़ में धारा- 64 (2) (उ), 65 (1) बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारी अधिकारियों को अवगत कराकर दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल आरोपी के पता तलाश हेतु टीम गठित कर आरोपी के पता तलाश में जुट गये। जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी को पकड़कर दिनांक- 13 सितंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक रामेश्वरी बघेल, प्र.आर. अजीत टोप्पो, आरक्षक मनोज हरमुख, म.आर. श्रद्धा बाघमारे का विशेष योगदान रहा है।

## पहला कॉलम...

### अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों ने किया विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का दर्शन



राजनांदगांव (दावा)। नगर मे संचालित दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास केन्द्र अभिलाषा मे लाभान्वित हो रहे दिव्यांग छात्र छात्राओं को संस्था संचालन समिति के मंशा अनुरूप आज नगर मे विराजमान विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का दर्शन कराया गया जिसमे विशेष रूप से संस्था के कोषाध्यक्ष माननीय नीरज बाजपाई, वरिष्ठ सदस्य संतोष खंडेलवाल, अशोक श्रीवास्तव का सहयोग प्राप्त हुआ, उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वार दिया गया।

### सिन्हा समाज का तीज मिलना समारोह 15 को राजनांदगांव में

राजनांदगांव (दावा)। आप सभी को आमंत्रित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि शहर मंडल राजनांदगांव के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का कार्यक्रम दिनांक 15 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 1:00 बजे से सिन्हा सामाजिक भवन दीवान टोला में रखा गया है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती उषा शिवराम सिन्हा जनपद सदस्य ग्राम बिल्हरी विशिष्ट अतिथि-श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा जनपद सदस्य ग्राम पेटेश्री विशिष्ट अतिथि-श्रीमती त्रिवेणी सिन्हा प्रदेश महामंत्री महिला मंच ग्राम मनगटा होंगे शहर मंडल के मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा ने मंडल के समस्त भाइयों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में महिलाओं को भाग लेने हेतु प्रेरित करें और समाज के सभी स्वजाति इस कार्यक्रम अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर को कार्यक्रम को सफल बनाया।

### भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला संघ का सदस्यता अभियान 16 से 30 सितम्बर तक

राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव का सदस्यता अभियान 16 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक चलाया जाएगा। भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला राजनांदगांव का सदस्यता प्राप्त करने के लिए इच्छुक नागरिक निर्धारित तिथि एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव में निर्धारित राशि जमा कर जिला संघ के सदस्य बन सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला संघ सचिव श्री देवेन्द्र अम्बादे के मोबाईल नंबर 9630569502 पर संपर्क कर सकते हैं।

# राजस्व विभाग की समीक्षा में निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली एवं पिछड़ा वर्ग सर्वे की प्रगति की ली जानकारी



## कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त कर वसूली बढ़ाने के दिये कड़े निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने राजस्व विभाग की सप्ताहिक समीक्षा में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि माहवार निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध वसूली प्राप्त नही हो पा रही है, सभी कर्मचारी वसूली बढ़ाये अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने पिछड़ा वर्ग सर्वे की भी जानकारी लेकर सर्वे की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के संबंध में उप अभियंताओं एवं राजस्व उपनिरीक्षकों व सहायक राजस्व निरीक्षकों से उनके वार्डवार डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के संबंध मे पुछा कि, अब तक कितने घर का डिमाण्ड तैयार किए कितना शेष है और डिमाण्ड में कितनी वृद्धि हुई। जानकारी आने पर उन्होंने कहा कि नये डिमाण्ड अनुसार पत्रक तैयार करे और करदाताओ को अवगत कराकर बिल देकर भुगतान करावे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर शासन द्वारा निर्धारित माहवार लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि राजस्व वसूली से ही वेतन आदि का भुगतान किया जाता है, किन्तु वसूलीकर्ता गंभीरता से वसूली नहीं कर रहे है, जिससे कम वसूली प्राप्त हो रही है। उन्होंने कड़ाई से राजस्व उपनिरीक्षकों व सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि सभी लोग सुबह से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ वसूली करना सुनिश्चित करे, इसके अलावा दूसरी पाली में कार्यालय में उपस्थित रहकर डिमाण्ड तैयार करे व वसूली करे। उन्होंने कहा कि वसूली में लापरवाही पर कडी कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे की प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि, सर्वे कार्य धिमी गति से किया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही न बरते समय-सीमा में सर्वे कार्य पूर्ण करना है, शासन द्वारा समीक्षा की जावेगी, उसके पूर्व वसूली के साथ साथ घर-घर जा कर पिछड़ा वर्ग के लोगो को चिन्हाकिंत कर सर्वे करे। उन्होंने सर्वे में आ रही कठिनाई की जानकारी लेकर राजस्व निरीक्षकों से कहा कि समय समय पर जाकर सर्वे के लिये लोगों को समझाईस देवे और कर्मचारियों की मदद करे। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके,राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन सहित उप अभियंतागण तथा राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# कल बाल रत्न मंच गणेश उत्सव द्वारा अन्नकूट भंडारा महाप्रसाद का 31 वां आयोजन अग्रसेन भवन में

## संस्कारधानी के समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ को भंडारा महाप्रसाद का आमंत्रण

राजनांदगांव (दावा)। बाल रत्न मंच गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बताया कि भंडारा महाप्रसादी के प्रमुख सेवादार पीयूष शर्मा, शैलेश शर्मा, अरविंद गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्कारधानी राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति अपने 31 वे गणपति महोत्सव में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भाद्रपद शुक्ल वामन द्वादशी दिनांक 15 सितंबर 2024 दिन रविवार समय दोपहर 12:00 से स्थान अग्रसेन भवन भरका पारा में अन्नकूट भंडारा महाप्रसाद का आयोजन कर रही है। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, उपाध्यक्ष प्रदेश भाजपा, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र मुदलियार, शरद अग्रवाल अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स राजनादगांव, अर्पण खंडेलवाल अध्यक्ष खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन राजनादगांव होंगे। विघ्नहर्ता भगवान गणपति को भंडारे का भोग लगाकर अतिथियों द्वारा भंडारा महाप्रसाद वितरण का शुभारंभ किया जाएगा आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य राहुल अग्रवाल मयंक शर्मा सौरभ खंडेलवाल रितेश यादव ने नगर के समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ को भंडारा महाप्रसाद हेतु आमंत्रित किया है।

# नए कानून से बाद में होगा जनता को लाभ- लोकायुक्त उबोवेजा

## प्रवास के दौरान जिला अधिवक्ता संघ से सौजन्य भेंट



राजनांदगांव (दावा)। जिले में अपर सत्र न्यायाधीश और उच्च न्यायालय में 3 वर्ष तक न्यायमूर्ति रहे तथा वर्तमान में प्रदेश शासन द्वारा लोकायुक्त नियुक्त इंदरजीत सिंह उबोवेजा ने कहा है कि शासन द्वारा लाए गए नए कानून से शुरू में अधिवक्ताओं और थाना प्रभारियों सहित पुलिस वालों को असुविधा जरूर होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून जनता के अच्छे के लिए लाए गए हैं, अभी तक दिल दिमाग में पुराने कानून भरे हुए हैं जब नए कानून की किताबें छप कर आ जायेगी, तब इसका फायदा आम जनता को मिलने लगेगा। न्यायालयों में प्रकरणों के काफी लंबित रहने को लेकर श्री उबोवेजा ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति श्री उबोवेजा ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान जिला अधिवक्ता संघ को जिला न्यायालय में सौजन्य भेंट देकर पुरानी स्मृतियों को ताजा कर अपने अनुभव सुनाए।

इस प्रसन्नतापूर्ण वातावरण के दौरान पूर्व महापौर अजीत जैन वरिष्ठ अधिवक्तागण हलीम बख्श गाजी, प्रशांत तिवारी, एलडी हिरवानी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी, कृष्ण कुमार सिंह, मनमोहन तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# आबकारी ने छापा मार कार्रवाई में 30.6 बल्क लीटर मदिरा जप्त की

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम बेलहरी निवासी वीरेन्द्र साहू के घर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान 170 नग पाव मध्यप्रदेश निर्मित बॉम्बे व्हिस्की कुल मात्रा 30.6 बल्क लीटर मदिरा जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती कुसुमलता जोल्हे सहित निराम शाह ठाकुर, लाल सिंह राजपूत, आर्यन ठाकुर, दीपक शामिल थे।

# नंदिनी खुंदनी हत्याकांड की न्यायिक जांच की मांग



## यादव समाज ने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनांक 7 सितंबर को नंदिनी खुंदनी में 3 नवयुवकों की हत्या सामूहिक रूप से कर दी गई थी। इस मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर आज 13 सितंबर को यादव समाज की राजनांदगांव इकाई द्वारा कलेक्टर की अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम से डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में यादव समाज के अध्यक्ष दुर्गेश यादव, महेश यादव, दुर्गा यादव, गुरूदेव हरीश यादव, शीलू यादव, अमन यादव, राजेश यादव, मदन (मन्टू) यादव, मुन्ना यादव, रितेश यादव, राधेलाल यादव, विजय यादव, गरीबा यादव, समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। ज्ञापन में समाज द्वारा किया गया है कि इस दर्दनाक घटना में जिन युवकों की हत्या हुई है। उन पर ही उनका पूरा परिवार आश्रित था। समाज द्वारा आरोप लगाया गया है कि घायल युवाओं को अहिवारा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण उनका समय पर ईलाज हो सका। यह लापरवाही जानलेवा साबित हुई। मृतक युवक अपने परिवार का भरणपोषण करते थे। उनके असामयिक निधन से परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक मृतक राजेश यादव, करण यादव एवं वासु यादव के परिवार को 30-30 लाख रूपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाये। ताकि मृतक के परिजन इस संकट से उबर सके और साथ ही साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाई करने की मांग समाज द्वारा की गई है और साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि उक्त विषय पर शासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाता तो समाज द्वारा आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जवाबदेही शासन की होगी। उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में समाज के सचिव दुर्गा प्रसाद यादव ने दी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-7-9
247-3 389-0
राजधानी
2-6-8
334-0 130-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
आज ता. 13 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
कुंवर सिंह भार्गव फिल्म्स् कृत
कॉलेज लाइफ
(कहानी मया के)
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - टी आर भार्गव, पूनम चन्द्राकर हरिशंकर भार्गव, एस. आर. भार्गव, हेमलता साहू, अनिल हरिहानी आदि।
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm SILVER SCREEN MULTIPLEX
13th SEP to 19th SEP 2024
The Buckingham Murders - 12:15, 03:00, 06:30 & 09:00 pm
Tumbbad (Hindi) - 06:15 & 09:15 pm
Thalapathy is the G.O.A.T. (Hindi) - 12:00 & 03:15 pm
Stree 2 - 12:30, 03:30 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202409093700015 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शकीला बानो ध.प. शमीम तिगाला, निवासी अम्बागढ़ चौकी, वार्ड नं. 14. तहसील अं.चौकी दीवानपारा, तहसील व जिला-मानपुर, मोहला, अं.चौकी के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला चौखड़ियापारा स्थित शीट क्रमांक 49 बी. भूखण्ड क्रमांक-340, क्षेत्रफल 110.00 वर्गमीटर जो धारकगण तमीजा बेगम ध.प. अहमद बेग, फरीम बानो आ. नवाब खान, निवासी नागपुर के नाम पर दर्ज है. पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 30.09.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं./ / प्रवा.-3/अ.वि.अ. / 2024
राजनांदगांव, दिनांक 12/09/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीलिमा ठक्कर पति गौरव ठक्कर, निवासी गुरूद्वारा रोड, दीवान पारा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम गातापार, पटवारी हल्का नंबर 0030, खसरा नंबर 296/3, रकबा 0.4050 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 27/09/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक- 202409092200009**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार आर.पी.के. चौधरी,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आर.पी. के. चौधरी आ. डी.पी. चौधरी जाति पासी निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री पुनम चौधरी आ. आर.पी.के. चौधरी का जन्म दिनांक 03.10.2000 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो. 9730078330

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.09.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तहसील डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202409092200010**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सत्र:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -आर.पी. के. चौधरी, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आर.पी.के. चौधरी आ. डी.पी. चौधरी जाति पासी निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र ऋषभ चौधरी आ.आर.पी. के. चौधरी का जन्म दिनांक 02.12.2010 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो. 9730078330

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.09.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तहसील डोंगरगढ़

**कार्यालय कलेक्टर जिला- खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)**

Email-collector-kcg@cg.gov.in Phone No- 0782029950

**// सार्वजनिक सूचना //**

क्रमांक 5712/भू-अर्जन/भूक्रनी/ 2024 खैरागढ़, दिनांक 12/9/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत सिद्धबाबा जलाशय फीडर मुख्य नहर निर्माण कार्य के अंतर्गत प्रभावित ग्राम- पुरैना प.ह.नं.- 03, रा.नि.मं.- अतरिया, तहसील- छुईखदान, जिला- खैरागढ़- छुईखदान- गंडई (छ.ग.) के निम्नलिखित भू- धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

| क्रं. | भू-धारक क नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.में) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ऐमनराम पिता शोभाराम जाति- गोंड़ | 115 | 0.809 | 0.405 | सिंचित |
| | | 260 | 0.202 | 0.162 | असिंचित |
| | | 253 | 0.202 | 0121 | असिंचित |
| | योग | 3 | 1.213 | 0.688 | |
| 2 | पंचराम, दुलसिया, श्यामबाई, सावित्री, रूखमणी पिता शोभऊ जाति- गोंड़ | 254 | 0.441 | 0.134 | असिंचित |
| | | 114 | 0.809 | 0.012 | असिंचित |
| | योग | 2 | 1.250 | 0.146 | असिंचित |
| | कुलयोग | 5 | 2.463 | 0.834 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार- पत्र के प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला- खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग)

जी- 242502517/2

# भदौरिया चौक में स्थापित गणपति व केदारनाथ की झांकी देखकर दर्शक हो रहे है रोमांचित





राजनांदगांव (दावा)। देशभर में गणेश उत्सव की धूम है। जगह-जगह गणपति बप्पा की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित कर नयनाभिराम झांकी सजाई गई है.दिन ढलते ही गणेश पंडालों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगती है। इसी क्रम में राजनांदगाव के भदौरिया चौक श्री सेवा समिति द्वारा संचालित श्री सेवा समिति द्वारा भी गणेश उत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री सेवा समिति गणेशोत्सव समिति द्वारा पिछले 40 वर्ष से प्रतिवर्ष गणेश उत्सव का आयोजन किया जाता है. इसी क्रम में इस वर्ष यहां केदारनाथ धाम पर आधारित स्थाई झांकी बनाई गई है. जिसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। जिसमें हुबहु केदारनाथ मंदिर जैसा आकार बनाकर रखा गया है.. जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में शहर सहित आस-पास के ग्रामीणों क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे हैं. गौरतलब है की आकर्षक लाइटिंग व साउंड सिस्टम से यहां का नजारा दर्शनीय है। भक्ति गीत के साथ चल रही इस मनोरम चलित झांकी को देखने बड़ी संख्या में लोग परिवार समेत पहुंच रहे हैं। समिति का अपना अलग ही आकर्षण है। साथ ही भगवान गणेश का दर्शन करने जाते समय लोग रोमांचित हो जाते हैं गौरतलब है की गणपति जी का पंडाल भी जंगल थीम में सजाया गया है. स्थल झांकी के बारे में जानकारी देते हुए गणेश मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि हम 40 वर्षो से गणेश उत्सव पर प्रतिमा स्थापित कर रहे है.

अभी तक कई रूपों में गणपति बप्पा की मनमोहक प्रतिमा स्थापित कर चुके है. इसी क्रम में इस वर्ष हमने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक उत्तराखंड में स्थित श्री

**0 साज सजावट व लाइटिंग है मुख्य आकर्षक का केंद्र**
**0 प्रतिदिन लग रहा है दर्शकों का ताँता**

केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण किया गया है. उक्त झांकी चलित झांकी होगी जिसमें विगत कुछ वर्षों पूर्व केदारनाथ धाम में बहुत ही भयंकर प्रलय आया था..जिसमें जान माल की बहुत बड़ी क्षति हुई थी किंतु जैसा कि हम सबको मालूम है परमेश्वर की कृपा से वहां आए भयंकर प्रलय के बावजूद ईश्वर के साक्षात उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक विशाल भीम शिला पत्थर के रूप में आकर मंदिर एवं वहां केदारनाथ में शरण लिए हुए बहुत से लोगों की जान बचाकर ईश्वर के वहां केदारनाथ मंदिर में होने का साक्षात उदाहरण प्रस्तुत किया था. इस पर ही मंदिर व विशालकाय भीमशिला थीम को दर्शाते हुए केदारनाथ प्रलय की चलित झांकी बनाई गई है, इसके साथ ही गणेश पंडाल को जंगल थीम पर सजाया जा रहा है उक्त वृहद पंडाल को बनाने के लिए विशेष रूप से कारीगरों की टीम पश्चिम बंगाल कोलकाता से बुलाई गई है जिनके द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है एवं झांकी की मूर्तियां एवं साथ सजा हेतु भिलाई के वैष्णव जी द्वारा मूविंग झांकी का निर्माण किया जा रहा है। झांकी के मुख्य द्वार पर भगवान भोलेनाथ के आदियोगी की भव्य प्रतिमा द्वारा सुसज्जित किया गया है। श्री सेवा समिति द्वारा मनमोहक लाइट एवं डेकोरेशन का काम छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध शर्मा लाइट एंड डेकोरेशन दुर्ग के द्वारा कराया जा रहा है जो की प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 9 दिनों के गणेश पर्व में विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे साथ ही दिनांक 15 सितंबर 2024 रविवार सुबह 11: 00 बजे श्री गणेश जी के समक्ष 56 भोग का आयोजन किया जाएगा तथा दिनांक 17 सितंबर 2024 दिन मंगलवार दोपहर 3:00 बजे हवन पूजन एवं रात्रि कालीन भंडारा का आयोजन किया जाएगा एवं विसर्जन झांकी वाले दिन पूरी रात भक्तगण दर्शन एवं झांकी का आनंद ले पाएंगे इसी क्रम में गणपति विसर्जन के लिए निर्धारित तिथि दिनांक 18 सितंबर 2024 बुधवार शाम 4:00 बजे का तय किया गया है.

# गणेश विसर्जन झांकी मार्ग देख आयुक्त गुप्ता ने पेचवर्क पूर्ण कर मार्ग की झाडिया छटनी करने

**0 विसर्जन कुंड की सफाई के दिये निर्देश**
**0 गणेश पर्व पर शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त**



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह गणेश विसर्जन झाकी मार्ग का निरीक्षण कर पेचवर्क पूर्ण करने, झाकी निकलने वाली मार्ग की झाडिया की डंगाली छटनी करने, विसर्जन कुण्ड की सफाई करने के अलावा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने शहर की विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली।

गणेश विसर्जन को देखते हुये नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता आज प्रातः मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण कर कुण्ड की सफाई करने, कुण्ड में ताजा पानी भरने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि विसर्जन कुण्ड के आस पास साफ सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे, इसके अलावा विसर्जन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था भी दुरूस्तीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने झाकी निकलने वाले मार्ग का निरीक्षण कर कहा कि शहर के सडकों एवं विसर्जन झाकी आने वाले रूट के शेष पेचवर्क पूर्ण करे। उन्होंने गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, गंज लाईन का निरीक्षण कर कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण कई सडके खराब हो गयी है, जिसे पेचवर्क करना है ताकि झाकी निकलने में सुविधा हो।

आयुक्त श्री गुप्ता गणेश पर्व एवं विसर्जन को ध्यान में रखते हुये शहर में विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेकर कहा कि शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में लगे विद्युत खंभो की बंद लाईट मरम्मत करे तथा विद्युत तार दुरूस्त करे। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि निर्देशानुसार नंदई चौक से मोहारा नदी तक डिवाईडर की लाईट रिपेरिंग किया गया, इसी प्रकार जी.ई.रोड की लाईटे मरम्मत की गयी तथा महामाया चौक से डोंगरगांव रोड, फरहद चौक डिवाईडर, खैरागढ़ रोड एवं फ्लाई ओव्हर की लाईट रिपेरिंग की जा रही है तथा शहर के अंदर मुख्य मार्गो की लाईटे मरम्मत की गयी है। इसके अलावा पार्षदों एवं अन्य लोगो की शिकायत पर लाईट तथा विद्युत तार दुरूस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि बरसात एवं त्योहार को देखते हुये नियमित रूप से शहर के लाईटों की जॉच कर दुरूस्त करे, इसके अलावा किसी भी प्रकार की शिकायतों का त्वरित निराकरण करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर बाढ़ के कारण प्लांट की कुछ मशीने खराब हो गयी थी, उसे तत्काल मरम्मत करने तथा अतिरिक्त रखे पंप को चालू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्लांट में पानी भरने पर शहर की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई, मोटर की मरम्मत कर पानी सप्लाई की जा रही है। उन्होंने प्लांट की व्यवस्था देख ऐलम फिटकरी, क्लोरिन ब्लीचिंग की जानकारी लेकर पर्याप्त भण्डारण के साथ साथ प्लांट में अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्तकर तीनों पाली में नियमित रूप से संचालन हेतु कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती के निर्देश दिये। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर आने वाली कठिनाई के लिये भी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान तकनीकि अधिकारी उपस्थित थे।

# मजदूर दिवस पर 17 को भारतीय मजदूर संघ की रैली



राजनांदगांव(दावा)। भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई द्वारा आगामी 17 सितम्बर भगवान विश्वकर्मा के जन्म दिवस जिसे मजदूर संघ राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाता है को लेकर जोरदार तैयारियॉ प्रारंभ हो गई है। इस संदर्भ में भामसं की एक बड़ी बैठक आज दोपहर महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई, जिसमें प्रस्तावित श्रमिक सम्मेलन व रैली को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आगामी दिनों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये किये जाने वाले कार्यो की जिम्मेदारी बांटी गई।

भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बैठक की शुरूआत करते हुये मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय श्रम दिवस विश्वकर्मा जयंती का हम सबके जीवन में बड़ा महत्व है। हमारी संस्कृति में भगवान विश्वकर्मा पहले आर्किटेक्ट हुये है, जिन्होनें समाज के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुये संसार को गढ़ा है। वे मेहनतकश लोगों के आराध्य है, उन्होनें नयी तकनीकी के माध्यम से मेहनतकश लोगों को नयी राह दिखाई है, इसी वजह से भारतीय मजदूर संघ उनके जन्मदिवस को देश का वास्तविक मजदूर दिवस मानता है। हम इस दिन बड़े से बड़े कार्यक्रम आयोजित करते है।

श्री मिश्रा ने प्रस्तावित मजदूर सम्मेलन व रैली की समीक्षा करते हुये कहा कि हजारों की संख्या में जिलेभर का कामगार उस दिन अपने आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन व उनकी शोभायात्रा के लिये एकत्रित होगा, इसलिये यह आवश्यक है कि हम सभी तत्पर व तैयार रहें। बैठक की अध्यक्षता भामसं के जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्र ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुदर्शनदास मानिकपुरी, अल्का बारसागढ़े, पोदास सार्वा, जयप्रकाश साहू, गोपालदास साहू, शत्रुहन, केशवराम सिन्हा, ठाकुर राम यादव, बहलराम, बलदाऊ राम, लोमश वर्मा, विश्राम साहू, हेमंत, रामखिलावन जांगड़े, गोविन्दा, दीपचंद, गोपीराम जांगड़े, बबीता बाघमारे, श्रीमती भारती शर्मा, धनेश्वरी साहू, बबीता बाघमारे सहित बड़ी संख्या में मजदूर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रीता ठाकुर निलंबित

**दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर किया गया निलंबन**

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रीता ठाकुर को अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में उप संचालक कृषि द्वारा उसके पद से निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि श्रीमती रीता ठाकुर के खिलाफ जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किये जाने की शिकायते थी वहीं, शासन की महत्वाकांक्षी योजना, बीज उत्पादन कार्यक्रम निरंक प्रगति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत द्वयङ्कष्ट में अल्प प्रगति, अभिलेख संधारण नहीं करने, अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही प्रदर्शित करने के संबंध में जांच अधिकारी एवं कार्यालयीन सहायक संचालक कृषि द्वारा कार्यालयीन पत्र क्र./ जांच प्रति/2024-25/2936, राजनांदगांव, दिनांक 27.08.2024 द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर श्रीमती रीता ठाकुर के विरूद्ध आरोप प्रमाणित हुआ है। इस पर कार्यालयीन आदेश क्रमांक /स्था. / शिकायत 3/2024-25/1532 दिनांक 05.07.2024 के द्वारा जांच उपरांत कृषक सलाहकार सूचना केन्द्र भवन, सोमनी को बिना वरिष्ठ कार्यालय, अधिकारियों के संज्ञान में लाये बिना पन्नालाल पटेल ग्राम सोमनी को सामान ह्रश्व स्नष्ट रखने हेतु दिये जाने के कारण परिनिंदा की शस्ति अधिरोपित की गई थी। अनुविभागीय कृषि अधिकारी, के पत्र क्र./स्था./2024-25/513, दिनांक 11.09.2024 के द्वारा मुख्यालय में निवास नहीं करने, शासकीय कार्यों में लापरवाही, समय पर कार्य पर उपस्थित नहीं होने एवं पत्राचार के उपरांत कार्यशैली में सुधार नहीं होने कारण मुख्यालय परिवर्तन की अनुशंसा की गई है। बताया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्रमांक /स्था.-3/ शिका./2024-25/3036 दिनांक 30.08.2024 द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, संबंधित द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया।

इस परिपेक्ष्य में श्रीमती रीता ठाकुर का उपरोक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 नियम 3 के विपरीत होने के कारण छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार प्रतिमाह जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी एवं निलंबन काल में संबंधित का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी, राजनांदगांव निर्धारित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ी संगीत की दुनिया में सावन मतावय का जादू



राजनांदगांव (दावा)। मुंबई के सुप्रसिद्ध संगीतकार अर्नब चटर्जी के संगीत निर्देशन में और सुप्रसिद्ध गीतकार चम्पेश्वर गोस्वामी की कलम के जादू से सजा हुआ सावन मतावय गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर ट्रियो डिजिटल स्टूडियो से रिकॉर्ड करके एएसएन सिनेमैजिक यूनिवर्स कंपनी मुंबई में रिलीज किया गया है। इस गीत ने संगीत प्रेमियों के दिलों में अपनी खास जगह बना लिया है।

गौरतलब है कि- सावन मतावय को जहां अर्नब चटर्जी के बेहतरीन संगीत ने चार चांद लगाए हैं, वहीं चम्पेश्वर गोस्वामी की काव्यात्मक लेखनी ने इसे और भी प्रभावशाली बना दिया है। इस गीत की धुन बेहद मधुर और उत्साहवर्धक है जो श्रोताओं को मिट्टी की सौंधी खुशबू और हरियाली से भरी प्रकृति का चित्रण कराती है।

सावन मतावय की पूरी टीम के सामूहिक प्रयास और समर्पण से यह अद्भुत गीत तैयार किया गया है। गायक, संगीतकार अर्नब चटर्जी और गायिका पामेला जैन ने अपनी आवाज से इसे सजाया है, वहीं संगीतकार अर्नब चटर्जी ने सुरों की धारा बहाई है, गीत में सरगम का प्रयोग अद्भुत है। सह गायिका अयना बोस चटर्जी व शेफाली नायडू ने अपनी आवाज से इस गीत को और प्रभावशाली बनाया। की-बोर्ड पर शिवम बागची, रिदम प्रोग्रामिंग और वादन में हर्ष नासेरी, गिटार पर यश नायडू ने संगीत में जान डाली है।

ऑडियो निर्माता अयना बोस चटर्जी और नैना नासेरी और वीडियो निर्माता-निर्देशक आशीष नायडू के योगदान ने इसे संपूर्ण रूप दिया है। ध्वनि इंजीनियर तपन देवांगजी ने इसे उच्च गुणवत्ता में प्रस्तुत किया है। सावन मतावय की पूरी टीम की मेहनत से सावन मतावय साकार हो सका है, जो हर मौसम में सावन को याद दिलाएगा।

सावन मतावय झूमते पेड़ों, बरसती बारिश और प्रेम के भावों को संगीत में पिरोया गया है। गीत की मधुर धुन और लोक भाषा में रचा-बसा इसका सरल शब्दांकन इसे जन-जन का प्रिय बनाता है, जो सुनने वालों के मन को सुकून और आनंद से भर देता है, यह गीत व्यूज से परे अपना अलग ही व्यूज रखता है, जहां एक तरफ लोग व्यूज के पीछे भागते हैं, वहीं यह गीत मिल का पत्थर साबित होगा।

# आज दिग्विजय कालेज में पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह



राजनांदगांव (दावा) हिंदी दिवस के अवसर पर आज शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में पुस्तक विमोचन, हिंदी सम्मान और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया है। प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस आयोजन में डा, चित्तरंजन कर को डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के पूर्व आचार्य डॉ वीरेंद्र मोहन शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर करेंगी।

समारोह में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय के दूसरे व्यंग्य संग्रह 'दो मिनट का मौन' का विमोचन भी किया जाएगा। उसके बाद हिंदी सप्ताह में आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही हिंदी भाषा में विशेष रुचि के साथ काम करने वाले महाविद्यालयीन स्टाफ को भी विशेष हिंदी सेवा सम्मान प्रदान किया जाएगा। उक्त जानकारी हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ने दी है।

# आरकेसी के छात्रों ने नीट में मारी बाजी



राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट के लिए सुप्रसिद्ध संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट की छात्रा चंचल देवांगन ने 666 अंक नीट में प्राप्त कर अपने शहर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया तथा जिला राजनांदगांव में नीट में टॉप किया । चंचल के पिता श्री उदेराम जी देवांगन आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है और उन्होंने छात्रा की सफलता का संपूर्ण श्रेय रॉयल किड्स कान्वेंट के दक्ष शिक्षकों तथा आईसीएसई बोर्ड की उत्कृष्ट पठन पाठन पद्धति को दिया है। इसी तरह संस्था के एक और छात्र चिराग मेश्राम नीट की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 550 अंक प्राप्त कर जगदलपुर के प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेकर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। चिराग के पिता श्री विरेंद्र कुमार मेश्राम वकील हैं तथा माता श्रीमति दीप रत्ना प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका हैं। दोनों पातकों का शाला में माला पहनाकर अभिनंदन किया गया तथा पालक गण ने शिक्षकों का मुँह मीठा कराया। वहीं चंचल देवांगन के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उन्हें मध्य भारत के उत्कृष्टतम संस्थान गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज नागपुर में ऐम बीबी ऐस सीट मिली। दोनों ही पालकों ने संपूर्ण श्रेय रॉयल किड्स कॉवेंट के शिक्षकों अभिषेक खंडेलवाल फीजिक्स, श्रेयांश बहादुर सिंह पीई, श्रीमति ममता मिश्रा बायोलाजी, मौली सेबेस्तियन इंग्लिश, राहुल गेडाम रसायन शास्त्र को दिया। प्राचार्य अभिषेक खण्डेलवाल सदैव प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चो को सतत मार्ग दर्शित करते प्रोत्साहित करते हैं। इसी का परिणाम है कि रॉयल किड्स की छात्रा पार्णवी देवी यादव ने छत्तीसगढ़ के राजकुमार कालेज जैसे स्वनामधन्य संस्थानों के छात्रों को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में आईएससी बारहवीं में मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया व वर्तमान में अंबिकापुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में अध्ययनरत है। पार्णवी के पिता हरनाम सिंह यादव अपनी बिटिया की सफलता का श्रेय खण्डेलवाल सर के मार्गदर्शन एवं डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह के प्रोत्साहन को देते हैं।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉक्टर सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मजेय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बर्सर आई.के. वैष्णव ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शिक्षकों एवं छात्रों को बधाईयां एवं शुभकामनाएं दीं।

# दुर्ग जिले के नंदिनी खुंदनी की हत्या के विरोध में सामने आया यादव समाज

**नंदनी खुंदनी मे तीन भाईयो की हत्या पर न्यायिक जांच की मांग- मन्ना यादव**



राजनांदगांव (दावा)। दुर्ग जिले के नंदिनी खुंदनी गांव में घटित ट्रिपल मर्डर केस के विरोध में दुर्ग जिला कलेक्टर को छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की दुर्ग इकाई ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपते वक्त राजनांदगांव जिले से मन्ना लाल यादव खासतौर से उपस्थित थे। मन्ना लाल यादव ने ज्ञापन सौंपते वक्त दुर्ग जिला कलेक्टर को कहा कि इस घटनाक्रम की न्यायिक जांच अभिलंब होनी चाहिए साथ ही दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। श्री यादव ने बताया कि विगत दिनों नंदिनी खुंदनी में तीन युवाओं की हत्या कर दी गई थी। इस मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर प्रांतीय छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की दुर्ग इकाई ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष डा. अजय यादव, गौ सेवा आयोग के पुर्व उपाध्यक्ष मन्ना लाल यादव, संभाग संरक्षक अनिल यादव, जनपद सदस्य खिलेश यादव और नगर अध्यक्ष अमर यादव सहित समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। ज्ञापन में कहा गया है कि इस दर्दनाक घटना में जिन युवाओं की हत्या हुई, वे अपने परिवारों के मुख्य आश्रित थे, आरोप लगाया गया कि घायल युवा को अहिवारा के सरकारी अस्पताल मे ले जाया गया था जहां डाक्टरों की अनुपस्थिति के कारण उनका समय पर इलाज नहीं हो सका। यह लापरवाही जानलेवा साबित हुई। मृतक युवक ही परिवार के भरण-पोषण करते थे। उनके असामयिक निधन से परिवारों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा दी जाए ताकि वे इस संकट से उबर सकें। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

# श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। आज श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि सिंह जी जिला परियोजना अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अर्चना दास जी ओ कान्हा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सबीहा गाजी जी समाजसेवी उपस्थिति रही अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात अतिथि स्वागत अतिथि उद्बोधन कार्यक्रम के बाद संस्था द्वारा सेवा नृत्य शिक्षिकाओं का सम्मान सर्वप्रथम किया गया यह सम्मान प्रतिवर्ष संस्था द्वारा किया जाता है जिसमें सेवा नृत्य व्हाइटनर स्कूल से शिक्षिका श्रीमती अर्पिता मैडम जी रही सेवा नित्य शिक्षिका श्रीमती पांडे मैडम जी तत्पश्चात संस्था द्वारा श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल की सभी शिक्षिकाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया मैं सभी शिक्षिकाओं को आज के दिन की बहुत-बहुत बधाई और सभी अतिथियों को दिल से धन्यवाद दूंगी जिन्होंने अपना इतना कीमती समय दिया सभी को तीज पर्व की को गणेश चतुर्थी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 12 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 12 सितम्बर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 16 सितम्बर को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर में, महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हॉस्पिटल परिसर शंकरपुर में, 19 सितम्बर को डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड नं. 12 के लिये बाबू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में व गौरीनगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरीनगर में तथा 20 सितम्बर को बलराम दास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी.मिल के पास में व ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 एवं तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा. प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अगस्त 2024 की पेंशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## बाढ़ प्रभावित ग्रामों में क्लोरीनेशन उपरांत जल प्रदाय शुरू

राजनांदगांव (दावा)। जिले में विगत दिनों हुई तेज बारिश के बाद शिवनाथ नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया था। जिससे नदी किनारे बसे जिले के लगभग 35 ग्रामों में बाढ़ की सूचना प्राप्त हुई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बाढ़ की जानकारी मिलते ही अलर्ट मोड में है तथा बाढ़ प्रभावित ग्रामों में निरंतर नजर बनाए हुए हैं। धीरी एवं मोहारा समूह जल प्रदाय योजना के इंटेकवेल पूरी तरह से डूब जाने के कारण 47 ग्रामों में जल प्रदाय बंद हो गया था। जलस्तर कम होने पर विभाग के अमलों द्वारा इंटेकवेल तक पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित समस्त ग्रामों में क्लोरिनश का कार्य तत्काल कराया गया तथा पेयजल परीक्षण हेतु सैंपल भी जांच हेतु भेजा गया। सभी 47 ग्रामों में क्लोरीनेशन उपरांत जल प्रदाय हो रहा है।

## अनमोल दावा

> *अच्छे विचार ही हमारा धन है, इन विचारों पर चलने के लिए हिम्मत चाहिए और अथक प्रयास ही आखिरी समाधान है।*

## केजरीवाल सरकार के दावे खोखले, समय पर इलाज नहीं मिलने से सामने आई हकीकत

कहने को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े और बहुत अच्छे अस्पताल हैं, लेकिन आपात अवस्था में जान बचाने की भूख में पहुंचे किसी व्यक्ति के इलाज के लिए कहीं चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाती।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार का यह दावा रहा है कि उसने यहां स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं और आम जनता को इसका बहुत ज्यादा लाभ मिला है। मगर अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनसे पता चलता है कि सरकार के दावों के बरक्स जमीन पर हकीकत बहुत अलग है। खासतौर पर दिल्ली के अस्पतालों की हालत यह है कि किसी मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाया, उसे अलग-अलग अस्पतालों में भटकना पड़ा और आखिर इसी वजह से उसकी जान चली गई।

गौरतलब है कि दिल्ली के हरिदास नगर इलाके में एक क्लस्टर बस की टक्कर से बुरी तरह घायल एक युवक को लेकर उसके परिजन एम्स के स्वास्थ्य केंद्र, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में भटकते रहे, मगर इलाज नहीं मिल पाया। हार कर उन्होंने युवक को जब एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब तक तीन घंटे से ज्यादा वक्त गुजर गया था। इस बीच युवक की हालत इतनी बिगड़ गई कि आखिर उसने दम तोड़ दिया। युवक इतनी देर तक बचा रहा तो इससे साफ है कि अगर उसे समय पर उचित इलाज मिल जाता तो वह जिंदा बच जाता। मगर बढ़-चढ़ कर किए जाने वाले दावों की हकीकत यह है कि आपात स्थिति में होने के बावजूद सही वक्त पर इलाज नहीं मिल सका और युवक की जान चली गई।ऐसा नहीं है कि यह इस तरह का कोई अकेला मामला है। इससे पहले जनवरी और अप्रैल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब आपात अवस्था में अलग-अलग मरीजों को अस्पतालों में भटकने पर मजबूर होना पड़ा और इसी क्रम में हुई देरी की वजह से आखिर उसकी मौत हो गई।

कहने को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े और बहुत अच्छे अस्पताल हैं, लेकिन आपात अवस्था में जान बचाने की भूख में पहुंचे किसी व्यक्ति के इलाज के लिए कहीं चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाती, तो कहीं बिस्तर या फिर चिकित्सीय उपकरणों की कमी के दुश्चक्र में फंस कर उसकी जान चली जाती है। इस अफसोसनाक तस्वीर के रहते दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दावों को कैसे देखा जाएगा?

## गाय की लैट्रिन

*हिंदी दिवस पर विशेष...*



**डॉ. बी. नंदा जागृत (प्रोफेसर)**

बहुत दिनों के बाद आज अपनी कॉलोनी में टहलने निकले। इस कॉलोनी की चौड़ी-साफ सड़क और शांत वातावरण देखकर यहीं पर घर बनाने का मन हुआ। नौकरी करते लंबा वक्त बीत गया पर किराए के मकान में ही गुजर होता रहा। वो क्या है ना! कि कोई ऐसा ग्रामीण जिसके ननिहाल और ददीहाल में अकेला सरकारी नौकरी करने वाला हो तो उसकी स्थिति ऐसी होती है, जैसे वह पूरे परिवार का बैंक हो। जब परिवार में किसी को किसी काम के लिए पैसों की आवश्यकता हुई, तो उसे पहला नाम नौकरी करने वाले रिश्तेदार का याद आता है। कभी कोई बीमार हो तो अस्पताल ले जाना है, बच्चें को बड़ी क्लास में पढ़ाना हो तो फीस, खेती का काम आ गया, किसी के यहां शादी-ब्याह ऐसी कितनी ही आवश्यकताओं के लिए वे पहुंच जाते हैं। ऐसे आवश्यकता धारी लोगों की सेवा पूर्ति होती रही, इसी चक्कर में आधी उम्र निकल जाने के बाद अपना घर बनाने की हिम्मत कर पाए ,वह भी बैंक से लोन लेकर। कॉलोनी में शांति थी। रोज गलियों की सफाई होती थी। नालियां साफ थी। पर बमुश्किल दो साल होते-होते, ऐसे ऐसे अनुभव हुए कि लगा खाली कॉलोनी में पहले पहल घर बना लेना, अपराध करने जैसा है। जिसकी सजा मिलती है। कॉलोनी में जब दूसरों के घर बनने लगे तो खुशी हुई कि अब अड़ोसी पड़ोसी भी हो जाएंगे। उन लोगों ने बोर खुदवाया तो हम भी पूजा करने गए पर खुदाई के दौरान जो धूल उड़ी उससे हमारा नया घर पूरी तरह धूल धूसरित हो गया। घर में धूल के गुब्बारे उड़ रहे थे, दूसरे दिन, दिन भर सफाई करते रहे। इसी तरह और लोगों के घर बनते गए और हम झेलते गए। सीमेंट धूल उड़ना, मसाला बनाने की मशीन की खटर-खटर की आवाज, ग्रिल की आवाज, फर्नीचर बनाने की आवाज, बिजली की फिटिंग की आवाज। घर बनाने के लिए रखे गए सामानों से नाली जाम, ऐसी तमाम परेशानियों से हम दो-चार होते रहे।

धीरे-धीरे घर तो बहुत बन गए पर कॉलोनी की सड़क की चौड़ाई कम हो गई। लोग नाली के ऊपर को भी नहीं छोड़ते हैं। फिर उसके आगे भी घेर लेते हैं, उसमें क्यारी बनाकर पौधे लगाते हैं। हद ये है कि पहले से लगाए गए पौधे जो अब बड़े-बड़े पेड़ बन गए हैं, उनको यह कहकर कि इसकी जड़े हमारे घर को नुकसान पहुंचाएंगी, उसको कटवा दे रहे हैं। आप हमारा दुख समझ पा रहे हैं न। हमने बड़ी खुशी और उम्मीद से कॉलोनी के सौंदर्यीकरण के लिए, स्वयं का पैसा खर्च कर, इन पौधों को लगवाया, सुरक्षा की व्यवस्था की, पर इनको डर है कि पेड़ की जड़े उनके घर तक जाकर नुकसान पहुंचाएंगी। अरे भई! नाली छोड़कर घर बनाओ न, पर नहीं एक-एक अंगुल जमीन पर अवैध कब्जा ऐसे करेंगे, जैसे ऊपर जाते समय उसे अपने साथ लेकर जाएंगे।

खैर कॉलोनी में अभी कुछ दिनों पहले एक और मकान बनाकर तैयार हुआ। उस घर में पूजा है। उनके यहां तैयारी चल रही है। पूजा के लिए सामग्री मंगाई जा रही है। घर में सब काम में व्यस्त हैं। बच्चों को भी कुछ काम बताया गया। आम के पत्ते लाना, फूल लाना और साथ ही दादी ने कहा -गोबर भी लाना। बच्चे ने सबके लिए तो हां कर दी पर गोबर की बात सुनकर चौंक पड़ा। बड़ी मासूमियत से उसने कहा दादी! गोबर उसको इस तरह देखकर मम्मी ने समझाया हां रे! गोबर नहीं जानता 'गाय की लैट्रिन' समझे। तब कहीं बच्चे को समझ आया। हमने भी सुना और समझा, अच्छा अब गाय के गोबर को 'गाय की लैट्रिन' कहते हैं? अब आप ही तय करें कि आने वाले त्योहारों में आंगन गाय के गोबर से लिपिएगा या ''गाय की लैट्रिन'' से। हिंदी दिवस की शुभकामनाएं।

### विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम - 258 : श्री राम वनवास के समाचार से दु:ख में डूब गई अयोध्या नगरी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सुमंत जी द्वारा श्री राम के वनवास की सूचना पूरी अयोध्या नगरी में तेजी से फैल गई। लोग इस समाचार की सत्यता की पुष्टि करना चाहते थे।अतः अनेक लोग राजप्रासाद की ओर दौड़ पड़े। वहां पहले से ही सहस्त्रों लोग एकत्र थे। यह समाचार शत प्रतिशत सही था। अयोध्यावासी श्री राम के अभिषेक स्थल की ओर प्रस्थान करने वाले थे और अब उन्हें इस अप्रिय समाचार का सामना करना पड़ा। इस समाचार से नगरवासी अत्यंत दुखी हुए। सुमंत जी को भी राजप्रासाद के समक्ष एकत्र जन समुदाय को संतुष्ट कर प्राचीर से वापस आगंतुक कक्ष जाने में अधिक समय लग गया। जनसमुदाय उनसे अधिक विवरण चाहता था लेकिन सुमंत जी ने अपने हाथ जोड़ लिए। गुरु वशिष्ठ व्यग्र होकर उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। त्रिकालदर्शी वशिष्ठ जी को यह समाचार सुनकर आश्चर्य नहीं हुआ। भावी घटनाओं को देखने में सक्षम होने पर भी गुरु वशिष्ठ जैसे सिद्ध ऋषि मुनि इसका प्रयोग नहीं करते हैं और भविष्य में झांकने के स्थान पर पूर्वानुमान के आधार पर अपनी ओर से ऐसी घटनाओं को रोकने का पूरा प्रयत्न करते हैं। सुमंत जी से यह समाचार सुनकर वे गंभीर हो गए।

उन्होंने तुरंत महाराज दशरथ से भेंट की इच्छा व्यक्त की।सुमंत जी उन्हें लेकर रानी कैकेई के निज भवन में पहुंचे, जहां पूरे आर्यावर्त के इतिहास का एक महत्वपूर्ण चरण प्रारंभ होने जा रहा था। अस्वस्थ राजा दशरथ के मुख पर गुरु वशिष्ठ को देखकर हल्की चमक आ गई। बड़ी कठिनाई से राजा दशरथ शय्या पर उठ बैठे। वे शय्या से नीचे उतरकर अपने गुरु महाराज का चरण स्पर्श करना चाहते थे लेकिन हाथों के संकेत से गुरु वशिष्ठ ने उन्हें रोक दिया। वे राजा के पास पहुंचे और स्नेह से उनके सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### सामयिक चर्चा

## जो कहें, वक्त आने पर खुद भी करें!

समाचार पढ़कर,
बानी बोले - खुश होकर,
सुनिए गजाधर!
आज यह अच्छी खबर-
''सीमेन्ट के दाम बढ़े
तो कांग्रेसियों ने कहा -
इसे आवश्यक वस्तु अधिनियम में लाएँ।''
गजाधर! इस पर आप
अपनी प्रतिक्रिया बताएँ?
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
आपका खुश होना सही है
कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार से
सटीक बात कही है।
तो अब हमारा कांग्रेसियों
से कहना है,
जब वे सरकार में आएँ,
तो अपनी इस मांग को अवश्य
अमल में लाएँ।''



गिरीश बख्शी

### शिक्षक की स्मृतियां - 8

## गृह कार्य

शिक्षकों की आम शिकायत होती है, बच्चे गृहकार्य नही करते। जबकि मेरा अनुभव कहता है, ऐसा नही है, बच्चे गृह कार्य अवश्य करते है। बशर्ते शिक्षक पूरी तैयारी करके/योजनाबद्ध ढंग से पढ़ायेगें तब, सभी विद्यार्थी गृहकार्य पूरा करके ही लाते है। मेरा अनुभव कहता है- बच्चे सीखना चाहतें हैं बशर्ते, शिक्षक शिद्दत से तो पढ़ाये।

कभी कक्षा में बातों ही बातों में कहता इसके 2, 4, 6 वाक्य बना लाना। कभी जोड़कर कहता इसके 20 वाक्य बना लाना। एक दिन बातों ही बातों में कह दिया इसके 100 वाक्य बना लाना। अगले दिन परेशानी मेरी थी। उन वाक्यों को जांचना भी तो था, तब पछताता था इतना काम दे देता हूं।

गृहकार्य देना ही नही उसे जांचना, देखना, अपनी स्वीकृति देना भी आवश्यक है। बच्चे तो सीखना चाहते हैं बशर्ते उन्हें विश्वास हो कि वे गृहकार्य करके ही सीखेगें।

शिक्षण भी तो चुनौती पूर्ण कार्य है। सन्दर्भ से जोड़ना, स्थानीय परिवेश आदि का सीखने सीखाने की प्रक्रिया में जोड़ना / समावेश अपरिहार्य होता है, तभी तो बच्चे रूचि लेंगें। यांत्रिक काम कौन करना चाहता है ?

कन्या शिक्षा परिसर चौकी में मैने तो बकायदा नियम बना दिया था, जिसने भी होमवर्क नही किया है वो कक्षा में नही रहेगा। कोई विद्यार्थी मेरी कक्षा भी तो छोड़ना नही चाहते थे। फलतः उन्हें गृहकार्य करके ही लाना होता था। विशेषकर लड़कियों को मेरी चुनौती होती थी, तुम कितना भी सही लिखकर लाओ मैं एक गलती निकाल ही दूंगा, और सभी लड़कियाँ इस चुनौती को सहर्ष स्वीकार करती थी। वे कहती थी एक भी गलती तो निकाल कर बताईए, ऐसी स्वस्थ परंपरा होनी चाहिए। आखिर उद्देश्य भी तो वही था- सही लिखना सीखाना। बच्चों की लिखावट सुधार भी शिक्षक की जिम्मेदारी का ही अंग है। अच्छे/होशियार विद्यार्थी की एक निशानी सुंदर लिखावट भी होती है। गृहकार्य में भिन्नता होनी चाहिए तब तो बच्चे रूचि लेगें उसे पूरा करने। प्रत्येक विद्यार्थी की रूचि का काम हो और जो उसके परिवेश से जुड़ा हो।



युगल किशोर तिवारी
मों. 8824292489

### कविता

## कण-कण में हिन्दी

तन में हिन्दी मन में हिन्दी वाणी में हिन्दी,
वर्ष माह, दिनों के नाम हिन्दी, क्षण-क्षण में हिन्दी,
वातावरण में हिन्दी, कण-कण, क्षण-क्षण में हिन्दी,
हिमालय हिन्दी, नदियाँ हिन्दी सागर में हिन्दी।
आँखो में हिन्दी, दृश्य पटल में हिन्दी,
खान-पान में हिन्दी, खाद्य पदार्थो में हिन्दी,
लेन देन आदान-प्रदान में हिन्दी,
हिन्दी मेरी जान मेरी शान मेरी अरमान
ईश्वर का नाम हिन्दी, भजन कीर्तन हिन्दी,
रामायण गीता भागवत एवं पुराण में हिन्दी,
बाइबिल और कुरान में हिन्दी,
गुरूग्रंथ साहिब में हिन्दी, धर्मनिरपेक्ष संविधान में हिन्दी ।
घर में समाज में, सामाजिक संगठनों में हिन्दी,
हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी, जनगणमन में हिन्दी,
पंच परमेश्वर में हिन्दी न्यायालयों में हिन्दी,
कोर्ट कचहरी में हिन्दी, उत्सवों में हिन्दी
हमारी शालाओं में हिन्दी, हिन्दी हमारी आन-बान और शान।
हमारे राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा हिन्दी में
हमारे हिन्दी फिल्म जगत छू जाता है दिल को ,
मो. रफी के ये गीत - कर चले हम फिदा जाने तन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों........।
लता की ये गीत - ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आँख में भर लो
पानी जो शहीद हुए है उनकी जरा याद करो कुर्बानी..।
आशा की ये गीत - दे दी हमें आजादी बिना खड़क, बिना ढाल
साबरमती के संत तूने, कर दिया कमाल,
रघुपति-राघव राजा राम..........।
महेन्द्र कपूर के गीत - है प्रीत यहाँ की रीत सदा
मैं गीत वहाँ के गाता हूँ
भारत का रहने वाला हूँ
भारत की बात की बात सुनाता हूँ
मेरे देश की धरती सोना उगले
उगले हीरे मोती, मेरे देश की धरती -
इकबाल के गीत - सारे जहाँ से अच्छा
हिन्दुस्ता हमारा
हम बुलबुल है इस के
ये गुलशिता हमारा
वन्दे मातरम्, सुजलाम, सुफलाम
मल यज शीतलाम,
शस्य श्यामला मातरम्
वन्दे मातरम्......।



देवेन्द्र मोहबे
खैरागढ़

### कविता

## हिंदी मेरी मातृभाषा

आज हिंदी दिवस मना रहे है, 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने संकल्प पारित किया था हिंदी भारत की राजभाषा होगी, आजादी के बाद 26 जनवरी सन 1950 को भारत पुर्ण गण राज्य बना।

14 सितंबर 1953 को संसद में हिंदी को राज भाषा का दर्जा दिया गया, आज भारत में 22 भाषा को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। भारत में हर 100 किलोमीटर में भाषा बोली बदल जाती है। हिंदी भाषी राज्य में तो शब्दो के उच्चारण बदल जाता है। भारत में एक अनुमान के अनुसार 77 प्रतिशत लोग हिंदी भाषा का इस्तेमाल करते है। फिर भी भारत में आजादी के 78 वर्षों के बाद भी भारत देश में राष्ट्र भाषा घोषित नही हो सका। राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त जी की यह पंक्ति आज भी सटीक बैठती है अंधकार है वहां जहां आदित्य नही है। मुर्दा है वह देश जहां साहित्य नही है। गांधी जी ने कहा था कि राष्ट्र भाषा के बिना देश गूंगा समान है। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की कलम से भाषा राष्ट्र की बुनियाद है। हम खूब खुशियां मना ले हिंदी दिवस मना ले हिंदी की तारीफ कर ले हिंदी के प्रख्यात साहित्य कारों के कलम बद्ध रचनाओं का बखान कर ले, हिंदी की वृहढ़ता का अनुसरण कर ले, हिंदी के विस्तार के लिए कार्यक्रम कर ले किंतु जब तक भारत में हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप अंगीकृत नही करेंगे। तब तक प्राथमिक रूप में हिंदी की वृहता, संकीर्ण रूप में प्रदर्शित होते रहेगी।



गजेंद्र बख्शी
अधिवक्ता 32
रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3
राजनादगांव

### कविता

## हमारा हिंदी दिवस

हिंदी हमारी है स्वराष्ट्र भाषा,
परिष्कृत भावों का संसार है।
होते विचारों का आदान प्रदान,
विभिन्न बोलियों का आधार है।
ऋषि मुनियों का है ग्रंथ पुराण,
काव्य साहित्य जहाँ अपार है।
राग रागनियां कला रंगमंच पर,
हर्ष विनोदमयता का प्रचार है।
अंग्रेजी तो खड़ी एक टांग पर,
हिंदी शब्दों की पुष्प भण्डार है।
उत्तर दक्षिण और पूरब पश्चिम,
भारतीयता का प्रचार प्रसार है।
इंद्रधनुषी सा इनका रूपांकन,
जैसे जुड़ा धरती व आकाश है।
सहेजती है राष्ट्र विविधताओं को,
जैसे समुद्र में नदियों की धार है।
नित छप रहे हैं बावन वर्णाक्षर,
लिए हाथ पे लोग अखबार है।
है इतिहास भूगोल व धर्म ग्रंथ,
हिंदी ज्ञान-विज्ञान का प्रकाश है।



मदन मंडावी
डोंगरगढ़, राजनांदगांव
मो.7693917210

### कविता

## भाषा की खिचड़ी

हिंदी कोई ट्रबल-सम नहीं
जो की हिंदी के नाम से कतराएं
यह तो एक फैशन है कि
हिंदी के बीच अंग्रेजी बोली जाए
अंग्रेजी का एक्सयूज हिंदी में क्षमा,
चाहे उर्दू में माफ कहिये
अंग्रेजी महज एक दिखावा है
हिंदी के साथ इंसाफ करिये
शुभ समाचारम् सुनने वाले अक्सर
गुड न्यूज़ सुनाते हैं।
हिंदी में सुनाते-सुनाते
अंग्रेजी में फ्यूज हो जाते हैं
ऐसी स्विच ओवर लैंग्वेज से
ईश्वर ही उन्हें बचाए
इस प्रॉब्लम को सॉल्व करने के वास्ते
हिंदी शिक्षण योजना जाएं
प्रबोध-प्रवीण-प्राज्ञ से नाता
जैसा ही जुड़ जाएगा
बाई-गॉड दफ्तर का माहौल
उसी दिन से कम्प्लीट
हिंदी बन जाएगा।



गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय'




## शब्द सामर्थ्य -177

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिन्ह, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाप की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 176 का हल



### राशिफल



**मेष** – आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आस पास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप परिवार के सदस्य की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। रचनात्मक कार्य में आप सूझ-बूझ से आगे बढ़ेंगे।



**वृषभ** – आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग हैं।



**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर बहुत ही सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को अपना प्रोजेक्ट पूरा करने में सफलता मिलेगी।



**कर्क** – आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा।



**सिंह** – आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग मिलेगा, जिससे आप अपने कार्यों को समय पर पूरा करा लेंगे। आज छात्रों को पढ़ाई में आ रही रुकावटों से छुटकारा मिलेगा।



**कन्या** – आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लें। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको आर्थिक मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।



**तुला** – आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस के कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे । अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है।



**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास के किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं । आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। नए प्रोजेक्ट पर काम करने को मिल सकता है ।



**धनु** – आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज आपको कर्ज से छुटकारा, जिससे रिलेक्स महसूस करेंगे।आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।



**मकर** – आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे । आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से आसानी से निपटा लेंगे। लेकिन ऑफिस में व्यस्तता के चलते घर देर से पहुंचेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बनायेंगे।



**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी।



**मीन** – आज का दिन आपके लिए दिन अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार करेंगे। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आय के नये-नये रास्ते मिलेंगे।

## अंचल में बैठे नयनाभिराम गणेश जी


छुईखदान (दावा)। छुईखदान का राजा।


छुईखदान (दावा)। राजमहल महाकाल गणेश समिति छुईखदान


छुईखदान (दावा)। श्री राम गौशेवद्य समिति काली मंदिर छुईखदान


हरदी(दावा)। जय महाकाल गणेश उत्सव समिति भरदा।


हरदी (दावा)। बाल गणेश उत्सव समिति कुतुलबोड़ भाठागांव।



हरदी (दावा)। बाल समाज दुर्गा चौक हरदी।


राजनांदगांव (दावा)। राजन गणेश उत्सव समिति भगत सिंह चौक।

# नगरीय निकाय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी रहेंगे तीन दिवसीय हड़ताल पर

### मांग पूरी नही होने पर नगरीय निकाय चुनाव का करेंगे बहिष्कार



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छतीसगढ़ प्रदेश के समस्त नगरीय निकाय के अधिकारी, कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने वाले है ज्ञात हो कि नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा समय-समय पर नगरीय निकायों के विभिन्न समस्याओं तथा समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण, ओल्ड पेंशन योजना लागू न होने के कारण, प्लेसमेंट ठेका प्रथा बंद न होने के कारण, अनुकंपा नियुक्ति न करने के कारण एवं अन्य मांगों को लेकर पत्राचार व सांकेतिक विरोध एवं हड़ताल किये जाने के बावजूद भी नगरीय निकायों के कर्मचारियों की वेतन व अन्य समस्याओं का समाधान शासन स्तर से वर्तमान तक नहीं हो पाया है।उसी मांग को लेकर फिर एक बार छत्तीसगढ़ के समस्त नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी नगर पंचायत,नगर पालिका,नगर निगम के द्वारा नगरीय निकाय चुनाव तक शासन द्वारा मांग पूरी नही करने पर आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव का लोग अपने परिवार सहित बहिष्कार करेंगें और परिवार के कोई भी सदस्य निकाय चुनाव में कोई भी मतदान नहीं करेगा वही नगरीय निकाय अम्बागढ़ चौकी के अधिकारी,कर्मचारी ने रायपुर में हो रहे प्रदेश स्तरीय हड़ताल में शामिल होने को लेकर नगर पंचायत सीएमओ को ज्ञापन सौपा है इस दौरान राजीव बारसागढ़े, कविता तिवारी,कविता मंडावी, जलील अहमद रब्बानी, शेख मकबूल, दीपक सालमे, निजाम पटेल, कृष्णा पटेल, सोफु जिलानी, श्याम लाल यादव, हेमन्त अमिला, लोकेश सलामे, दशरथ शर्मा, रामसाय, दुर्गा, जीवन लाल पटेल सहित समस्त समस्त कर्मचारी उपस्थित थे ।

## पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

इसी अभियान के तहत दिनांक 12 सितंबर को आरोपी सतानंद साहू पिता द्वारिका साहू उम्र- 33 साल साकिन ग्राम मुरमुंदा को बाजार चौक मुरमुंदा के पास अवैध रूप से धन लाभ अर्जित करने के लिये अंको पर रूपया-पैसा का दांव लगाकर सट्टा-पट्टा लिखकर जुआ खेलाते हुये पकड़कर आरोपी के कब्जे से सट्टा-पट्टी, नगदी रकम- 4000/-रू0 एवं 02 नग मोबाईल किमती- 20000/-रू0 जुमला किमती- 24000/-रू जप्त कर आरोपी के छ0ग0 जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम 2022 धारा- 6 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

## सेंदरी से अंडी जाने वाले मार्ग की पुलिया सहित सड़क हुई छतिग्रस्त, आवागमन हुआ बाधित

### हाल ही में हुआ करोड़ों का निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा





डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम सेंदरी से अंडी जाने वाला मार्ग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग छह माह पूर्व मक्काटोला से सेंदरी व अंडी पंचायत तक सड़क का डामरीकरण किया गया था। बीते दिनों आई बरसात के पानी से पुलिया सहित सड़क भी बह गई। करोड़ों की लागत से बनी गुणवत्ता रहित सड़क व पुलिया का यह हाल विभागीय अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।क्योंकि सड़क बनाते समय पुलिया का भी निर्माण किया जाता है। ताकि आम नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी न हो किंतु लगभग छह माह पूर्व बनी सड़क का ऐसा हाल देखकर ग्रामीण आक्रोशित हैं। सड़क निर्माण एजेंसी व सड़क की गुणवत्ता की जांच करने वाले इंजीनियरों पर कड़ी कार्रवाई करने की ग्रामीणों ने मांग की है।

सेंदरी पंचायत के अंतर्गत हुये सड़क निर्माण व पुलिया के बह जाने से दर्जन भर गांव का संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों को आवागमन के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को भी परेशानियां हो रही हैं। सेंदरी के स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी के संबंध में सरपंच कृष्ण कुमार सिन्हा ने बताया कि इस सड़क का उपयोग सेंदरी, ठाकुरटोला, अंडी, पनियांजोब, भेलवाटोला, सोरीटोला, मड़ियान, मक्काटोला सहित दर्जन भर गांव के ग्रामीण, स्कूली बच्चे, एबीस जाने वाले मजदूर करते हैं।इस मार्ग के बाधित हो जाने से उनके लिए अन्य कोई मार्ग नहीं है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा सेंदरी मार्ग

मार्ग के क्षतिग्रस्त होते ही कुछ माह पहले बनी इस सड़क ने विभाग की पोल खोल दी है। सड़क व पुलिया बरसात का पानी नहीं झेल सकी। यह कैसी गुणवत्ता वाली सड़क है जिसकी लागत करोड़ों की है और काम कौड़ी का नहीं। इस प्रकार जनता के पैसे को बर्बाद किया जा रहा है। और कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचार कर रहे हैं। यह सब प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है और उसे कुछ खबर ही नहीं या बेखबर होने का नाटक कर रहे हैं। बहरहाल ग्रामीण परेशान है, और जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। ताकि आवागमन में उन्हें आसानी हो सके।

## छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारियों ने आज अपनी लंबित मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य शासन से अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का मांग की है.

भाजपा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने तथा साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ता की एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में प्रदाय करने की मांग है. इसके साथ ही प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समय मान वेतनमान प्रदान करने, केंद्र के समान गृहभाड़ा प्रदाय करने जैसी मांगे शामिल हैं. आज कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल में संयोजक विनोद टांडेकर, जीवन साहू, बी. आर. रामटेके, आर. डी. मानिकपुरी, मनोज ठाकुर, गणपत कुंजाम, सालिकराम साहू, वीरेंद्र वैष्णव, धनसाय सलामे, काजल शोरी, विजय मेश्राम, यादव बाबू, विष्णु शर्मा, रितेश दीक्षित, असरफ खान एवं अन्य साथी शामिल हुए.

### आज से परना व महरूम में रामधुनी प्रतियोगिता

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम महरूम और परना में 14 एवम् 15 सितंबर को गणेश उत्सव के पावन पर्व पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग आयोजित इस रामधुनी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मंडलियाँ अपनी प्रस्तुति देंगे।

## आज सांगिनकछार में भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सांगिनकछार में श्रीसिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में एक दिवसीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितंबर दिन शनिवार को किया गया है. इस आयोजन में अनेक पुरस्कारों की घोषणा की गई है।

जिसमें सामूहिक डांस में प्रथम 5001रू., द्वितीय 3001रू., तृतीय 2001 रू., चतुर्थ 1001 रू. एवं एकल डांस में प्रथम 2501 रू., द्वितीय 1501 रू., तृतीय 1001 रू., चतुर्थ 501 रू. रखा गया है.

इसके साथ ही सदाबहार पुरस्कारों की भी घोषणा की गई है.

मिली जानकारी के अनुसार इसी दिनांक को दीवानझिटिया, मारगांव, जारवाही, किरगी, खपरीकला, दीवानभेड़ी, पेण्डरवानी और तेन्दूनाला में भी यह प्रतियोगिता आयोजित है.

## विगत 26 वर्षो से नगर में जनसहयोग से गरिमामय झांकी का नयनाभिराम प्रदर्शन जारी



0 विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस प्रशासन से गरिमामय आयोजन में सहयोग करने का आश्वासन लिया

डोंगरगढ़ (दावा)। डीजे साउंड एवं निर्धारित की गई समय हेतु सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लेकर जहां प्रशासन संसय की स्थिति में है, वही दूसरी ओर गणेश पर्व पर निकलने वाली झांकी को लेकर युवाओं में निराशा देखने को मिल रही है। धार्मिक पर्व के उल्लास मय वातावरण में विघ्न आता देख डोंगरगढ़ क्षेत्र की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ,नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा सहित वरिष्ठ पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों एसडीओपी आशीष कुंजन ,थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के समक्ष धार्मिक आस्था का हवाला देते हुए नियमों में रियायत प्रदान करने की वकालत की थी। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खुली छूट देने के सवाल पर कहा कि विसर्जन के दौरान पूरी सतर्कता बरती जाएगी ताकि किसी प्रकार की अनहोनी ना हो। विसर्जन के पूर्व सभी समिति प्रमुखों डीजे संचालकों से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के परिपेक्ष में विस्तृत चर्चा कर गरिमामय आयोजन संपन्न कराने की दिशा में सहयोग किया जाएगा। इसी संदर्भ में शुक्रवार को झांकी यूनियन की ओर से भी अनुभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

सर्व गणेश उत्सव समिति एवं झांकी यूनियन डोंगरगढ़ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया की,धर्मनगरी डोंगरगढ़ धाम में निरंतर पिछले 26 वर्षों से श्री गणेश उत्सव पर्व को धूमधाम से मनाया जाता रहा है। और विसर्जन भी धूमधाम से किया जाता रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में शहर सहित ग्रामीण अंचल के लोग नयनाभिराम विसर्जन झांकी देखने के लिए नगर में रात भर डटे रहते हैं। नगर के सभी 24 वार्डों में गणेश पंडाल में श्री गणेश जी विराजमान है।झांकी समिति द्वारा दिनांक 18 सितंबर 2024 दिन बुधवार को भव्य विसर्जन झांकी शोभायात्रा झांकी के साथ निकलना तय हुआ है।प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी लगभग 17 से 18 गणेश समितियो के द्वारा विसर्जन पर झांकी हेतु बैंड बाजा डीजे धूमाल की व्यवस्था की गई है। ताकि इस वर्ष का विसर्जन झांकी का कार्यक्रम और भी भव्य हो सके। इस हेतु झाकी समिति द्वाराअनुविभागीय अधिकारी से निवेदन किया गया है की,इस आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में व्यवस्था प्रदान करने की कृपा करे।

## रानीमंदिर में राधा अष्टमी धूमधाम से मनाया गया



छुईखदान (दावा)। रानी मंदिर में 11 सितम्बर बुधवार को भादो शुक्ल पक्ष अष्टमी पर बृज के रावल गांव में जन्मी वृषभानु की दुलारी मां राधारानी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रानी मंदिर समिति संरक्षक लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने जानकारी दी कि राधाअष्टमी के शुभ दिन मंदिर परिसर को सजाकर चारों कोने दीपक जलाकर राधे राधे उद्घोष भजन गाते आतिशबाजी, शंख ध्वनि, घंट ध्वनि से मां राधारानी जी की आरती पूजा श्रीफल भेंट कर भोग लगाकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन में वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे. के. वैष्णव ने बताया कि पुराणों के अनुसार वृषभानु की लाडली राधारानी भगवान श्रीकृष्ण की आत्मा है। इसी कारण भक्त जन सीधी भाषा में भगवान श्री कृष्ण जी को राधारमण कहकर पुकारते एवं नाम जपते पूजा करते हैं। शहर के सभी मंदिरों में मां राधारानी जन्मोत्सव मनाते हुए मंदिर परिसर राधे राधे उद्घोष से गुंजायमान रहा।

राधा अष्टमी जन्मोत्सव पर अनिल पुजारी, सुप्रिया सचिन महोबिया, नेहा मुकेश महोबिया, दिनेश महोबिया, योगेश नागेश महोबिया, सौरभ श्रीवास्तव, प्रहलाद महोबिया, पं अरविन्द शर्मा, जितेन्द्र देवांगन, कमलेश यादव दुर्गा यादव, लल्ला जितेन्द्र किशोर वैष्णव, संजय लल्ला, मानिक श्रीवास, बल्ला यादव, राजा यादव, दीपक यादव, सुरेखा साहू, कुमारी महोबिया, निशा नामदेव, बिट्टी बन्नो, मंगलीन यादव, भूमिका यादव, पायल यादव, प्रिंस यादव, भाविका यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। मां राधारानी जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मां राधारानी वेशभूषा में छात्राएं प्रस्तुति दी।

## विश्वकर्मा जयंती 17 सितम्बर को



खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम रींवागहन में मिस्त्रीसंघ व समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में ग्राम रीवागहन में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से हरवर्ष की तरह 17 सितम्बर को मनाया जाएगा, ग्राम में मुर्ति स्थापना कर पूजा हवन का कार्यक्रम रखा गया है व रात्रि में लोगों के मंनोरंजन के लिए नाचा पार्टी मोरमयारूक छेड़िया भरदा, गुरुर, वालों का कार्यक्रम रखा गया है, कार्यक्रम पश्चात 18सितम्बर को सुबह मुर्ति विसर्जन किया जावेगा, व समस्त ग्राम वासियों ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठावें।

## कल गैंदाटोला में रिकाडिंग डांस प्रतियोगिता

साल्हे (दावा)। ग्राम गैंदाटोला में विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति एवं दानदातागण समस्त ग्रामवासी गैंदाटोला के तत्वधान में 15 सितंबर को बाजार चौक में रात 8 बजे से शुरू होगी रिकाडिंग डांस स्पर्धा 2 चरणों में होगी सामूहिक, युगल एवं एकल में प्रतियोगिता की जाएगी। सामूहिक डांस स्पर्धा में प्रथम चार विजेता टीम को 15001, 10001, 7001, 5001 रूपये से पुरुस्कृत किया जायेगा वही युगल एवं एकल के चार विजेता टीम को 10001, 6001, 4001, 3001 रूपये दिया जाएगा। साथ ही सदाबहार की भी राशि का इनाम रखा गया है इस कार्यक्रम में उदघोषक के रूप में लीना कोसमा (कांकेर) से आने वाली हैं प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अल्फिया हनीफ कुरैशी सरपंच ग्राम पंचायत गैंदाटोला, डॉक्टर प्रकाश शर्मा सचिव जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी राजनादगांव, हेमिन विष्णु साहू जनपद सदस्य छुरिया, खिलेश्वर साहू महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया, मनीष त्रिपाठी मंत्री मंडल भाजपा छुरिया, हेमलता दिलीप साहू सरपंच ग्राम पंचायत फाफामार,महेश गुप्ता ग्राम पटेल, खलील अहमद कुरैशी समाजसेवी, राजकुमारी सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया व क्षेत्र के सभी समाजसेवी उपस्थिति रहेंगे.

## गणेश विसर्जन की झांकियों को प्रोत्साहन पुरस्कार



0 विगत 24 वर्षों से धार्मिक आयोजन से जुड़े भक्त जनों का उत्साह बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है ट्रस्ट समिति द्वारा

डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने जानकारी दी है कि श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा सन् 2000 से प्रारंभ किया गया श्री गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता कार्यक्रम भव्य एवं विशाल रुप ले चुका है, शहर एवं अन्य अचंल के काफी श्रद्धालुगण सम्मलित होने लगे है, तथा शहर के अन्य संस्थाओं द्वारा भी श्री गणेश विसर्जन की झांकियों को प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कार दिये जाते है।

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ के निर्णय अनुसार श्री गणेश विसर्जन के अवसर पर दिनांक 18.09.2024 दिन बुधवार को पंचायती मंदिर गोल बाजार के पास ट्रस्ट मंडल द्वारा निर्मित मंच के सामने से निर्धारित समय में भगवान श्री गणेश विसर्जन की जो झांकियां निकलेगी, उन्हें श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुरुप ट्रस्ट समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार एक रनिंग शील्ड व 15,000/- रुपये, द्वितीय पुरस्कार एक रनिंग शील्ड व 11,000/- रुपये, तृतीय पुरस्कार एक रनिंग शील्ड व 9,000/- रुपये, सान्तवना पुरस्कार प्रत्येक मंडली को 1500/- रुपये तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा बनाई गई झांकियों में से एक सर्व श्रेष्ठ झांकी का चयन कर उक्त झांकी को 2,100/= रुपये विशेष एवं श्रेष्ठ स्थल सजावट को 2100/= रुपये पुरुस्कार प्रदान किया जावेगा, उक्त अवसर पर रात्रि में ही दर्शनार्थियों के लिये निःशुल्क चाय एवं पेयजल की सुविधा ट्रस्ट समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी।विसर्जन झांकियों में मुख्य रुप से गणेश जी की प्रतिमा, चलित झांकियां, सजावट, सबांद एवं अनुशासन तथा समय पर पहुंचने वाली झांकियों को पुरुस्कृत जावेगा तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा बनाई गई झांकियों में से एक सर्व श्रेष्ठ झांकी का चयन कर उक्त झांकी को विशेष पुरस्कार प्रदान किया जावेगा निर्णायक मण्डल द्वारा लिया गया निर्णय ही सर्वमान्य होगा।श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं ट्रस्टी गण ने सभी भक्तजनों एवं विसर्जन झांकियों में शामिल होने वाले सभी मण्डली से निवेदन किया है कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुये शालीनता से और समय पर विसर्जन झांकियां निकाले जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें ।

# पहला कॉलम...

## ट्रक-बस की आमने-सामने की टक्कर में 6 लोगों की मौत

ला पाज़। पश्चिमी बोलीविया में मालवाहक ट्रक और एक मिनी बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. ला पाज़ के पुलिस विभाग के प्रमुख एडगर कॉर्टेज ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को ला पाज और ओरुरो विभागों को जोड़ने वाले हाईवे पर हुई.

पुलिस प्रमुख ने कहा, ÷इस दुर्घटना में नाबालिगों समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए. सभी घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है.÷ समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मिनी बस ला पाज शहर जा रही थी और उसमें 13 लोग सवार थे. इसी दौरान बस की टक्कर हो गई. बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन रोड से उतर गया. यह भी पढ़ें ͞ राहुल गांधी की अपमानजनक टिप्पणी के तुरंत बाद देश में आंतरिक अशांति शुरू͞ अमित मालवीय शुरुआती जांच के अनुसार, ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया है. अधिकारी उसका पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं. पुलिस प्रमुख ने कहा कि इस दुर्घटना ने एक बार फिर बोलीविया में सड़क सुरक्षा को लेकर ध्यान आकर्षित करती है. बोलीविया में खराब सड़क बुनियादी ढांचा और लापरवाह ड्राइविंग के कारण हर साल बड़ी संख्या में लोगों की मौतें होती हैं.

## विश्व के सबसे भयानक बॉडी बिल्डर का हार्ट अटैक से मौत

नई दिल्ली । दुनिया के सबसे भयानक बॉडीबिल्डर इलिया गोलेम



येफिमचिक का 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया. बेलारूस के येफिमचिक को 6 सितंबर को दिल का दौरा पड़ा. दुनिया के सबसे भयानक बॉडीबिल्डर इलिया गोलेम येफिमचिक का 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बेलारूस के येफिमचिक को 6 सितंबर को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद वह कोमा में चले गए. उनकी पत्नी ने बताया कि उनका मस्तिष्क मृत हो चुका है. इलिया येफिमचिक का आहार अत्यंत कठोर और असाधारण था. वह प्रतिदिन 16,500 कैलोरीज का सेवन करते थे, जिसमें सात भोजन शामिल थे. उनका आहार 5 पाउंड स्टेक और 100 से अधिक सुशी के टुकड़े शामिल था. उन्होंने अपने शरीर को फिट रखने के लिए लगातार कठोर प्रशिक्षण लिया.

## भूकंप के झटकों से हिला लॉस एंजिल्स

नई दिल्ली। दुनियाभर में लोग पिछले कई महीनों से भूकंप के झटकों से दहशत में हैं। बीते दिन फिर धरती भूकंप से झटकों से हिली। दक्षिण कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में बीते दिन भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.7 मापी गई। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र मालिबू शहर से 4 मील दूर उत्तर में था और धरती से करीब 7 मील की गहराई में था। भूकंप के झटके इतने जोरदार तरीके से लगे कि ऑरेंज काउंटी में 45 मील दूर तक महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जानी नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन माली नुकसान हुआ। सड़कों पर बड़े-बड़े पत्थर गिरे और लोगों ने भूकंप को बेहद डरावना बताते हुए अपने अनुभव भी शेयर किए। लोगों के अलावा हॉलीवुड की जानी मानी हस्तियों ने भी भूकंप को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं ट्वीट करके व्यक्त कीं। भूकंप के झटके लगने से जहां मालिबू की सड़कों पर पहाड़ों से बड़े-बड़े पत्थर गिरे, वहीं सांता मोनिका का 1909 का लकड़ी का घाट हिल गया। लोग इतने डर गए कि वे जान बचाने के लिए घरों से बाहर निकल आए।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स-निफ्टी में आई गिरावट

नई दिल्ली। हफ्ते का आखिरी कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद शानदार रहा है. सेंसेक्स-निफ्टी में भले ही गिरावट रही हो लेकिन आज के सत्र में बाजार में दो नए कीर्तीमान बने. मिड-कैप स्टॉक्स में खरीदारी के चलते निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स पहली बार 60,000 के आंकड़े को पार करते हुए 60189.35 के ऑलटाइम हाई पर जा पहुंचा है. स्मॉल-कैप शेयरों में भी शानदार तेजी देखने को मिली. मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में खरीदारी के चलते बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप पहली बार 469 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा. कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 72 अंकों की गिरावट के साथ 82,890 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 32 अंकों की गिरावट के साथ 25,356 अंकों पर क्लोज हुआ है.

आज के ट्रेड में बैंकिंग, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑटो, मीडिया, रियल एस्टेट, मेटल्स और फार्मा सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली है. जबकि एफएमसीजी, एनर्जी, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में मुनाफावसूली रही.

# चैंपियंस ट्रॉफी नहीं खेलेगी टीम इंडिया?

### आईसीसी ने पाकिस्तान से बाहर टूर्नामेंट कराने से किया इनकार

नई दिल्ली। आईसीसी ने घोषणा की है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में ही होगा और इसका कोई हाइब्रिड मॉडल विचाराधीन नहीं है. पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ी राहत की बात है, क्योंकि टूर्नामेंट अब पाकिस्तान में ही आयोजित होगा. हालांकि, यह स्थिति भारत की भागीदारी पर अभी भी अनिश्चितता का साया छोड़ती है. भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे के लिए अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है.




आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान यात्रा करने की संभावना पर हाल ही में कई अटकलें सामने आई हैं. बीसीसीआई(क्क्रष्टष्टढ्ढ) की ओर से टीम इंडिया(ञ्जद्गड्डद्व ढ्ढठ्ठस्रद्बड्ड) को पड़ोसी देश भेजने में इनकार की खबरें आई थीं. भारत और पाकिस्तान के बीच खराब राजनीतिक संबंधों को देखते हुए, यह चर्चा में था कि भारतीय क्रिकेट टीम का पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने का विरोध अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को एक हाइब्रिड मॉडल अपनाने के लिए मजबूर कर सकता है. याद रहे कि 2023 में एशिया कप के दौरान भी एक हाइब्रिड प्रारूप अपनाया गया था, जिसमें भारतीय टीम ने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे. हाल ही में आईसीसी ने घोषणा की है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में ही होगा और इसका कोई हाइब्रिड मॉडल विचाराधीन नहीं है. पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ी राहत की बात है, क्योंकि टूर्नामेंट अब पाकिस्तान में ही आयोजित होगा.

हालांकि, यह स्थिति भारत की भागीदारी पर अभी भी अनिश्चितता का साया छोड़ती है. भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे के लिए अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है. बीसीसीआई के सचिव राजीव शुक्ला ने पहले भी स्पष्ट किया था कि भारतीय टीम की पाकिस्तान यात्रा का निर्णय पूरी तरह से सरकार के हाथ में है. यदि भारत पाकिस्तान के लिए यात्रा करता है, तो रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय टीम के मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेला जाने की संभावना है. भारत के सभी मैच लाहौर में खेले जा सकते हैं. कुछ विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में मैच खेलने के बाद अमृतसर लौटना चाहिए, खासकर सुरक्षा चिंताओं के चलते. हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई ठोस विकास नहीं हुआ है और यह देखना दिलचस्प होगा कि आगे क्या निर्णय लिया जाता है. भारत ने आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान का दौरा किया था और राजनीतिक तनाव के कारण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की गतिविधियाँ 2013 के बाद से बंद हो गई हैं.

## मोहम्मद आमिरटी20 में सर्वाधिक 'मेडन' डालने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बने

नई दिल्ली। मोहम्मद आमिर ने इतिहास रच दिया है. वह टी20 फॉर्मेट में सर्वाधिक 'मेडन' डालने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बन गए हैं. उनसे पहले तीसरे स्थान पर टीम इंडिया से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार काबिज थे. मगर मोहम्मद आमिर ने उन्हें पछाड़ते हुए अब यह खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है.



कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के 13वें मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाज को यह खास उपलब्धि हासिल हुई है. बीते कल (12 सितंबर, 2024) उन्होंने अपनी टीम एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स के लिए कुल 2.3 ओवरों की गेंदबाजी की. इस बीच 1 मेडन ओवर डालते हुए 4.40 की इकोनॉमी से महज 11 रन खर्च किए. मोहम्मद आमिर के नाम बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ मेडन ओवर डालते ही टी20 फॉर्मेट में मेडन ओवरर्स की कुल संख्या 25 हो गई है. उन्होंने यह खास उपलब्धि 302 पारियों में हासिल की है.

टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार अब खास लिस्ट में एक पायदान निचे खिंसकते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं. उन्होंने 302 पारियों में अबतक कुल 24 ओवर मेडन डाले हैं. टी20 फॉर्मेट में सर्वाधिक मेडन ओवर डालने का खास रिकॉर्ड कैरेबियन दिग्गज स्पिनर सुनील नारायण के नाम दर्ज है. उन्होंने खबर लिखे जाने तक 522 पारियों में कुल 30 ओवर मेडन डाले हैं.

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर मैच रद्द

ग्रेटर नोएडा। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट शुक्रवार को एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द हो गया और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसी स्थिति आठवीं बार आई है . पहले दो दिन गीली आउटफील्ड के कारण खेल नहीं हो सका जिससे शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर की मैच की मेजबानी की क्षमता पर सवाल उठे हैं . बाकी तीन दिन बारिश के कारण खेल रद्द हो गया . शुक्रवार की सुबह पिच का मुआयना किया गया लेकिन अभी भी आउटफील्ड में उन जगहों पर पानी जमा है जो ढकी नहीं हैं . इससे मैच का रद्द होना तय हो गया जिसमें टॉस तक नहीं कराया जा सका . अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा ,च्च् ग्रेटर नोएडा में अभी भी बारिश हो रही है . लगातार बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट के पांचवें दिन का खेल रद्द कर दिया गया .

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सात बार ही ऐसा हुआ है जब एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द हुआ हो . पिछली बार ऐसा 26 साल पहले 1998 में हुआ था . उस समय भी न्यूजीलैंड टीम ही थी जिसे डुनेडिन में भारत से खेलना था . भारत में ऐसा पहली बार हुआ है . पिछले दो सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है . उसके अलावा सुविधाओं के अभाव, ग्राउंड कवर की कमी, खराब ड्रेनेज, कुशल मैदानकर्मियों के अभाव और सुपर सोपर पर्याप्त संख्या में नहीं होने से समस्या बढी है . पहले दो दिन सूरज निकलने के बावजूद खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए अंपायरों ने खेल नहीं कराने का फैसला लिया . सूत्रों की माने तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) से दो सुपर सोपर मांगे थे जो मेरठ स्टेडियम से भेजे गए . दिन में विवाह में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक शामियाने का इस्तेमाल आउटफील्ड ढंकने के लिये किया गया और शाम को बरसाती लगाई गई . कोटला से डीडीसीए अधिकारियों ने आउटफील्ड कवर भेजे लेकिन वह काफी नहीं थे .

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास कुशल मैदानकर्मी भी नहीं थे जिसकी वजह से मजदूरों को काम पर लगाया गया . बीसीसीआई ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को कानपुर, बेंगलुरू और ग्रेटर नोएडा के विकल्प दिये थे.

## रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर एक बिलियन का आंकड़ा छूने वाले पहले व्यक्ति बने

1 बिलियन के आंकड़े के साथ रोनाल्डो ने रचा इतिहास, फैंस के दम पर हासिल किया बड़ा मुकाम

नई दिल्ली। मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने खेल की दुनिया में एक नया कीर्तिमान रच दिया है। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर एक बिलियन यानी एक अरब फॉलोअर्स का आंकड़ा का छू लिया है। रोनाल्डो एक अरब फॉलोअर्स वाले दुनिया के पहले एथलीट बन गए हैं। अल नासर क्लब के स्ट्राइकर रोनाल्डो ने हाल ही में अपने करियर का 900वां गोल दागा था और फैंस का भरपूर सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया था।



यही वजह है कि अब रोनाल्डो ने फॉलोअर्स की संख्या के मामलें में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रोनाल्डो के इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुल मिलाकर 1 अरब से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। वह ये बड़ा मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के पहले एथलीट ही नहीं बल्कि पहले व्यक्ति भी बन गए हैं। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 1 बिलियन फॉलोअर्स की जानकारी फैंस के साथ शेयर की। रोनाल्डो ने लिखा- हमने इतिहास रच दिया है। 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ़ एक संख्या नहीं है - यह खेल और उससे परे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का सबूत है। अपना आभार व्यक्त करते हुए रोनाल्डो ने कहा कि मदीरा की गलियों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक उन्होंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है और अब उनमें से 1 बिलियन लोग एक साथ खड़े हैं। आप हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं, सभी उतार-चढ़ावों के दौरान। यह यात्रा हमारी यात्रा है, और साथ मिलकर हमने दिखाया है कि हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। रोनाल्डो ने आगे लिखा- मुझ पर विश्वास करने, अपना समर्थन देने और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद।

## टेस्ट सीरीज के लिए चेन्नई पहुंचे विराट कोहली

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद लंदन चले गए थे लेकिन 19 तारीख से बांग्लादेश के खिलाफ शुरु हो रही टेस्ट सीरीज के लिए वे भारत लौट चुके हैं और चेन्नई में टीम के साथ जुड़ गए हैं. बता दें कि पहले टेस्ट से एक सप्ताह पूर्व चेन्नई में टीम इंडिया का ट्रेनिंग कैंप लगाया गया है.



विराट कोहली जब चेन्नई एयरपोर्ट से निकल टीम होटल के लिए रवाना हो रहे थे उस समय उनकी सुरक्षा देखने लायक थी. विराट की सुरक्षा बेहद कड़ी थी. सीआईएसएफ के जवानों के अलावा स्थानिय पुलिस के बड़े अधिकारी भी उनकी सुरक्षा में थे और उन्हें सुरक्षाबलों की निगरानी में ही टीम होटल पहुंचाया गया. विराट की सुरक्षा वैसी थी जैसी किसी बड़े केंद्रीय मंत्री की होती है. विराट कोहली टेस्ट, वनडे और टी 20 मिलाकर 591 पारियों में कुल 26,942 रन बना चुके हैं. अगर वे बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में 58 रन और बना लेते हैं तो वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 27,000 रन पूरे करने वाले हो जाएंगे. अगर वे अगली 8 पारियों के अंदर 58 रन बना लेते हैं तो 600 पारियों के अंदर 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे.

## रूसी सेना में फंसे 45 भारतीय हुए मुक्त

नई दिल्लीः रूसी सेना में फंसे 45 भारतीयों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के बाद मुक्त कर दिया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि 45 भारतीयों को रूसी सेना से कार्य मुक्त किया जा चुका है और जल्द ही लगभग 50 अन्य लोगों को भी स्वदेश वापस लाने के प्रयास जारी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया को दी जानकारी में कहा कि 45 भारतीयों में से 35 को जुलाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष मुद्दा उठाए जाने के बाद कार्य मुक्त किया गया है।

रूसी सेना में भर्ती भारतीयों का मुद्दा भारत-रूस संबंधों में एक गतिरोध के रूप में उभरा है। पीएम मोदी ने जुलाई में अपनी रूस यात्रा के दौरान मास्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ अपनी वार्ता के दौरान रूसी सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों को शीघ्र कार्य मुक्त करने के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया था। इसके बाद रूस के राष्ट्रपति ने अपने सेनाधिकारियों को आदेश देकर इस कार्य को जल्द पूरा करने के लिए कहा था। भारतीय नौजवानों को कबूतरबाजों ने रूस में अच्छी नौकरी का ऑफर देकर वहां ले गए थे, इसके बाद उन्हें रूसी सेना में भर्ती करा दिया, जहां वह यूक्रेन के साथ युद्ध लड़ रहे थे। कई भारतीय नौजवानों ने जब अपनी वीडियो शेयर करके दर्द बयां किया तो यह मुद्दा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचा। इसके बाद उन्हें मुक्त कराने की पहल शरू की गई। जायसवाल ने कहा कि दो दिन पहले छह भारतीय वापस आ गए और कई अन्य जल्द ही स्वदेश लौटेंगे। जायसवाल ने कहा, च्च50 से अधिक भारतीय नागरिक अब भी रूसी सेना में कार्यरत हैं, जिनके लिए हम यथासंभव उन्हें कार्य मुक्त कराने का प्रयास कर रहे हैं। (भाषा)

## भारत और अमेरिका साथ मिलकर कर रहे काम : पीयूष गोयल

नई दिल्ली । भारत और अमेरिका महत्वपूर्ण खनिजों, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और उन्नत तकनीकों को अपनाने को लेकर साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका का रिश्ता द्विपक्षीय और भू-राजनीतिक मुद्दों में साझा हितों के साथ सबसे रणनीतिक संबंधों में से एक हैं।



दोनों देशों की ओर से वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यूएस का डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत आने वाले इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के साथ साझेदारी करेगा।

दोनों देशों की इस पहल को इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी और इनोवेशन (आईटीएसआई) फंड की मदद मिल रही है। इस फंड को 2022 में चिप्स एक्ट द्वारा स्थापित किया गया है।

यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) की 49वीं एनुअल जनरल मीटिंग को राष्ट्रीय राजधानी में संबोधित करते हुए मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि हमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए वैश्विक गठजोड़ की आवश्यकता है।

## प्रथम पेज का शेष

**0 दिल्ली शराब घोटाला : अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से रिहा...**

उन्होंने अपने सीएम का स्वागत किया। इस दौरान सुनीता केजरीवाल भी भावुक नजर आईं।

**सीएम केजरीवाल के खिलाफ दो एजेंसियां कर रही हैं जांच**

कथित शराब घोटाले में दो केंद्रीय जांच एजेंसियां (ईडी और सीबीआई) ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। ईडी केस में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिल चुकी है। लेकिन इसी दिन सीबीआई ने भ्रष्टाचार से जुड़ा नया केस दर्ज कर उन्हें जेल से गिरफ्तार कर लिया। जिसके चलते उन्हें कुछ दिन और तिहाड़ जेल में गुजारने पड़े। अब इसी सीबीआई मामले में भी केजरीवाल को बेल मिल गई। जिसके बाद उनका जेल से निकलने का रास्ता साफ हो गया।

**मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 156 दिन तिहाड़ जेल में गुजारे**

सीएम केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया। फिर एजेंसी ने 10 दिन तक पूछताछ की और उन्हें 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर रिहाई हुई। तब तक उन्होंने 51 दिन जेल में काट लिए थे। 2 जून को सीएम केजरीवाल ने जेल में सरेंडर कर दिया। आज 13 सितंबर को रिहाई मिलने तक केजरीवाल कुल 177 दिन तक जेल में रहे। इनमें से 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए जमानत पर रहे। यानी उन्होंने कुल 156 दिन जेल में गुजारे हैं।

**0 समापन सत्र में बोले सीएम साय- पुलिस के हाथ....**

परिवहन पूरी तरह बंद होनी चाहिए, किसान सम्मान निधि में धोखाधड़ी के मामले भी सामने आ रहे हैं, जिन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर पुलिस रेंज में अपराधों में कमी आई है, लेकिन सक्रियता का स्तर और बेहतर करने की जरूरत है। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि दुर्ग पुलिस रेंज को और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हत्या और डकैती के मामले 6 महीने में भी नहीं सुलझ पा रहे हैं, ये उचित नहीं है। कई मामलों में आरोपी फरार है, इस पर जल्दी कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस रेंज में कुछ जगह अच्छे काम हुए हैं, त्रिनेत्र एप और चिटफंड मामलों में अच्छी कार्रवाई हुई है लेकिन सिर्फ इतना पर्याप्त नहीं है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सीट-बेल्ट, हेलमेट पहनने की समझाइश दी जाए। उन्होंने बैठक में आने वाले दिनों में पुलिसिंग को और अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी व उत्तरदायी बनाने की दिशा में किए जा सकने वाले उपायों पर चर्चा की। सीएम साय ने रायपुर रेंज की समीक्षा करते हुए राजधानी में पुलिसिंग की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि रायपुर प्रदेश की राजधानी है और यहां की पुलिसिंग का सर्वोत्तम स्तर पर होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने रायपुर में भूमाफियाओं द्वारा शासकीय और आम नागरिकों की जमीन पर कब्जे की शिकायतों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग मिलकर इस समस्या पर कड़ी नजर रखें और तुरंत कार्रवाई करें।

**0 कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की बढ़ी मुश्किलें....**

स्वामित्व वाले 493 बस स्टॉप पर राज्य सरकार की उपलब्धियों के विज्ञापन लगाने का आरोप था। रमेश ने कहा है कि दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद सिद्दरमैया ने अपने प्रभाव का प्रयोग कर बिना अधिसूचना मामला बंद करा दिया।

**0 अडाणी ग्रुप टाईम की बेस्ट कंपनीज लिस्ट में शामिल....**

**टाईम ने 50 से ज्यादा देशों में किया है सर्वे**

यह सर्वे 50 से अधिक देशों में किया गया, जिसमें करीब 1,70,000 प्रतिभागियों ने कंपनियों को तय मानदंडों पर परखा। इस दौरान कामकाजी माहौल, सैलरी, इक्वेलिटी और कंपनी की ओवरऑल इमेज के आधार पर रेटिंग दी गई। 2023 में जिन कंपनियों का रेवेन्यू 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा था और जिन्होंने 2021 से 2023 के बीच ग्रोथ हासिल की, उन्हें भी इस वैल्यूएशन में शामिल किया गया।

**टाईम और स्टैटिस्टा ने ऐसे चुनीं बेस्ट कंपनियां**

स्थिरता के मानक में कंपनियों को स्टैटिस्टा की ईएसजी डेटाबेस और टारगेट रिसर्च के जरिए मापा गया। सभी तीन आयामों के स्कोर को बराबर प्रतिशत पर जोड़कर फाइनल रैंकिंग स्कोर तैयार किया गया, जिसमें मैक्सिमम 100 अंक थे। टॉप 1000 कंपनियों को टाईम और स्टैटिस्टा द्वारा वर्ल्ड्स बेस्ट कंपनीज़ 2024 के रूप में नामित किया गया है।

**0 भ्रष्टाचार पर सरकारी नकेलः पंजीयन विभाग में बड़ा...**

अधिक शिकायतें भी इन्हीं तीन जिलों में मिल रही थी। पंजीयन विभाग के 60 परसेंट राजस्व इन्हीं तीनों जिले से प्राप्त होते हैं। मंत्री ओपी चौधरी को लगातार शिकायतें मिल रही थी, की विभाग के अधिकारी, कर्मचारी बिना पैसे का काम नहीं करते। जिसके बाद उन्होंने बड़ा एक्शन लेते हुए अधिकांश अधिकारियों, कर्मचारियों और बाबुओं को बदल दिया।

**0 पीएम मोदी की जनसभा से कुछ घंटे पहले किश्तवाड़ ...**

जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य जवानों ने घायल साथियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां दो ने वीरगति पाई और दो का उपचार जारी है। सेना ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि एक पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस के साथ छात्रू में एक संयुक्त अभियान चलाया गया था। इसी दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई है।

**0 वित्त मंत्री सीतारमण के बयान पर भड़के राहुल-खड़गे....**

लगता है कि उन्हें अपमान ही झेलना पड़ेगा। एमएसएमई वर्षों से राहत की मांग कर रहे हैं। अगर यह अहंकारी सरकार लोगों की बात सुनेगी तो उन्हें समझ आएगा कि एक कर दर के साथ सरलीकृत जीएसटी से लाखों व्यवसायों की समस्याएं हल हो जाएंगी।

## सीएसके ने धोनी को लेकर पहले ही ले लिया यह बड़ा फैसला, बीसीसीआई ने टाल दिया प्लेयर्स रिटेंशन पॉलिसी पर फैसला

नई दिल्ली । अगले साल की शुरुआत में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) की मेगा ऑक्शन 2025 को लेकर अभी से ही खासी चर्चा है. इसकी वजह एक है एमएस धोनी और रिटेंशन नियम. छनकर आ रही खबरों के अनुसार फ्रेंचाइजी टीमों ने अभी तक रिटेंशन खिलाड़ियों की संख्या पर कोई सहमति नहीं दी है. और यही वजह है कि बीसीसीआई ने इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कोई ऐलान नहीं किया है. वैसे एक बात बात साफ है कि मेगा नीलामी में खिलाड़ियों की रिटेंशन की संख्या कितनी भी हो, लेकिन सीएसके हर हाल में धोनी को रिटेन करने जा रहा है.



इसकी वजह यह है कि बीसीसीआई रिटेंशन नियम के बारे में फैसला सितंबर के आखिर तक टाल सकता है. वजह इस नियम को लेकर फ्रेंचाइजियों के साथ कोई सहमति नहीं बन पा रही है.और बीसीसीआई अगर महीने के आखिर में 29 सितंबर को होने वाली अपनी वार्षिक आम बैठक से पहले अगर रिटेंश पॉलिसी का ऐलान नहीं करता है, तो कोई चौंकाने वाली बात नहीं होगी. इससे पहले बीसीसीआई की रिटेंशन पॉलिसी को उजागर करने की प्लानिंग अगस्त के आखिर में थी. पिछले महीने के आखिरी में ही बीसीसीआई के अधिकारियों और फ्रेंचाइजी मालिकों के बीच बैठक हुई थी. लेकिन फ्रेंचाइजी के अनुरोध के बाद बोर्ड ने इस बाबत फैसले को अगले करीब दस से 15 दिन के लिए टाल दिया है.

रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई एक ऐसा नया नियम बनाने की ओर देख रहा है, जिससे धोनी को अनकैप्ड खिलाडियों के वर्ग में रखा जा सकता है. हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार नियम बनता है या नहीं, सीएसके ने धोनी को रिटेन करने का अभी से ही मन बना लिया है. बता दें कि साल 2008 में सीएसके ने पहली बार अपनी टीम में लिया था और तब से लेकर अभी तक उन्हें रिटेन करने का सिलसिला चला आ रहा है. लेकिन अब जब धोनी 44वें साल में चल रहे हैं, तो भविष्य को ध्यान में रखते हुए सवाल हो रहे थे कि माही को रिटेन किया जाना बहुत ही मुश्किल है.इस साल सीजन शुरू होने से पहले धोनी ने कप्तानी छोड़ने क फैसला किया था और छ्य्य ने उनकी जगह ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया था.

# लोगों को आकर्षित कर रही मनोहारी गणेश प्रतिमाएं व स्थल सजावट झाकियां





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की गौरवशाली गणेशोत्सव पर्व की छटा इन दिनों जमकर बिखर रही। शहर के विभिन्न चौक-चौराहे व लेनो सहित गली-मुहल्लों में बिराजे आकर्षक एवं मनोहारी गणेश प्रतिमाओं व स्थल सजावट झाकियों को देखने दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही है। इन दिनों तीजा पर्व मनाने आई तीजहारिने भी गणेश विसर्जन झांकी देखने रूकी हुई है। उनके परिवार सहित शहर आकर मनोहारी गणेश प्रतिमाओं का दर्शन व स्थल सजावट झांकियों को देखने आने से शहर में भीड़ का आलम बना हुआ है। रात में 7 बजे के बाद शहर के गणेश पंडालों में दशनार्थियों की खासी भीड़ दिखाई देने लगी है। शहर के गणेश पंडालों सहित आसपास के क्षेत्रों की की गई आकर्षक साज-सज्जा व रंग-बिरंगी लाईटिंग से माहौल चकाचौध बना हुआ है।

### मौसम खुलते ही बढ़ी भीड़

बता दे कि पिछले दो-तीन दिनों तक अच्छी खासी बारिश हुई। सोमवार की रात हुई मुसलाधार बारिश के दौरान बिजली गुल हो जाने से गणेश पंडालों सहित शहर के बड़े हिस्से में अंधेरा छा गया। उस दिन रात भर बारिश होने से गणेश उत्सव का रंग फीका पड़ता नजर आ रहा था। लेकिन मंगलवार दोपहर बाद बारिश के थमने तथा बुधवार की सुबह से ही मौसम के खुलने के साथ ही गणेशोत्सव पर्व की छटा फिर से बिखरने लगी। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा-पाठ, आरती वदना से फिर से श्री गणेश भक्ति का माहौल बनने लगा और भगवान गणेश के दशनार्थियों की भीड़ बढ़ने लगी। भगवान गणेश के दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ने लगी। मौसम खुलते ही गणेशोत्सव पर्व के दौरान हजारों खर्च कर किए गए पंडाल सजावट स्थल झांकी की सजावट आदि के लिए गणेशोत्सव समितियों की जान में जान आई और राहत की सांस ली। अब फिर से रात में भगवान गणेश की मनोहारी प्रतिमाए व स्थल सजावट झांकी देखने आने वाले दर्शनार्थियों से शहर में रौनक बना हुआ है।

### आकर्षित कर रही गणेश प्रतिमाएं एवं झाकियां

शहर की सबसे पुरानी गणेशोत्सव समितियां बाल समाज, सुमित मंडल, लघु मंडल, नवयुवक मंडल आदि मन भावना स्थल सजावट तो करते ही है साथ ही यहा सिर्फ रिद्धी-सिद्धी वाली गणेश प्रतिमाएं विराजमान की जाती है। इसके अलावा अन्य गणेश पंडालों में विभिन्न मुद्राओं में मनोहारी गणेश प्रतिमाओं का दर्शन प्राप्त होता है। इसी तरह शहर को कुछ स्थान विशेष में स्थल सजावट झांकी का भी जोर बना रहता है। शहर के सदर बाजार में मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति की 17 फीट उची आकर्षक गणेश प्रतिमा देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसी तरह भारत माता चौक, गंज लाईन में भगवान महाकाल का दर्शन कराने वाली आकर्षक स्थल सजावट झांकी देखने लोगों की भीड़ है। गंज चौक में आशीर्वाद मंडल में शिव परिवार वाले गणेश प्रतिमा सहित यहां चल रहे देवी भागवत कथा श्रवण के लिए लोग उमड़ रहे है।

इधर शहर के भदौरिया चौक में केदारनाथ भगवान की आकर्षित स्थल सजावट झांकी देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ रही है। उसी तरह म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में पंचमुखी गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में भगवान शिव व मां वैष्णव देवी गुफा का दर्शन वाली आकर्षक झांकी को देखने लोग टूट पड़ रहे है। लेकिन यहां शुल्क लिया जाना लोगों को अखर रहा है।

बहरहाल शहर में धार्मिक ऐतिहासिक एवं पारंपरिक गणेशोत्सव पर्व का उत्साह लोगों के सिर चढ़ कर बोलने लगा है। मौसम खुलते ही गणेश दर्शन के लिए उमड़ने वाली दर्शनार्थियों की भीड़ से संस्कारधानी की इस गौरवशाली गणेशोत्सव परम्परा में चार-चांद जड़ने लगा है। गणपति बप्पा मोरिया की गूंज के साथ गणेश भक्ति की धूम चारो ओर नजर आने लगी है।

# कांफ्लुएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



राजनांदगांव (दावा)। कांफ्लुएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, बेस्ट प्रैक्टिस सेल और इक एक सेल के संयुक्त तत्वधान में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों को उनके सांस्कृतिक जीवन जीने का प्रयास करें ताकि हमारे समाज में एकता शांति और भाईचारा का वास हो कार्यक्रम अधिकारी विजय मानिकपुरी ने कहा कि यह त्यौहार धर्म के शासक मूल्य बुराई पर अच्छाई की जीत और सत्य और करुणा पर आधारित जीवन जीने के महत्व की याद दिलाता है प्राचार्य डॉक्टर रचना पांडे ने कहा इस पवित्र दिन को मानते हुए लिए हम भगवान श्री कृष्ण के शिक्षाओं पर विचार करें और उनके अनुसार जीवन जीने का प्रवास करें जिसमें हमारे समाज में एकता शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले।

प्रीति इंदौरकर ने सबसे अपील किया कि आई हम दिव्या अवसर पर हम नीति प्रांत के मार्ग को अपने आयोजन में दहीहंडी लूट का आयोजन किया गया विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण और राधा तथा गोपियों की वेशभूषाओं में रंगारंग आयोजन करके कॉलेज का माहौल पुरा वृंदावन बना दिया गया था महाविद्यालय के डायरेक्टर्स ने इस तरह के सुंदर और अधिक समारोह को आयोजित करने के लिए छात्रों और शिक्षकों की सराहना की।

# जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ द्वारा युवोदय कार्यक्रम की पहल

**राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ द्वारा युवोदय कार्यक्रम की सामुदायिक पहल की जा रही है। इसका मूल प्रयोजन सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है। इस कार्यक्रम से समाज के प्रभावशाली लोगों, उत्प्रेरकों और अन्य व्यक्तियों के लिए मंच तैयार करना है।**

जनभागीदारी को मूल मंत्र मानकर युवोदय कार्यक्रम के माध्यम से पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल सुरक्षा, पर्यावरण जैसे विषयों से संबंधित उचित व्यवहारों के बारे में लोगों को जागरूक करना एवं समुदाय में व्यवहार परिवर्तन करने हेतु प्रेरित करना है।

इस पहल द्वारा जिले के युवाओं और समुदाय के लोगों से आगे बढने् और स्वयंसेवा की भावना से कार्यक्रम का समर्थन करने का आह्वान किया गया है।

युवोदय पूर्णतः जातिगत भेदभाव एवं राजनीति मुक्त व धर्मनिरपेक्ष विचारों का मंच है। स्वयंसेवा के लिए किसी भी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जाएगा। स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। युवोदय कार्यक्रम से जुड़ने और स्वयंसेवक बनने के लिए कृपया https://bit.ly/YuvodayRegistration लिंक के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# वित्त मंत्री द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया में बदलाव हेतु क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन



बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी द्वारा रजिस्ट्री प्रथा में किये जा रहे बदलाव के संबंध में रजिस्ट्री को फैसलेस व गवाही की अनुपस्थिति को लागु करने की योजना चल रही है, को लेकर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया है, की हम सभी दस्तावेज लेखक उपपंजीयक कार्यालय बालोद में दस्तावेज लेखन का कार्य करते हैं, विगत कुछ माह से रजिस्ट्री प्रक्रिया में काफी फेरबदल किया गया है, आने वाले समय में मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा केशलेस, पेपरलेस व फेसलेस प्रक्रिया के साथ रजिस्ट्री किया जाना सुनिश्चित किया है, इसकी जानकारी हमें समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ में सभी उपपंजीयक कार्यालयों में कार्यरत हम दस्तावेज लेखकों के समक्ष बेरोजगारी का संकट छाने लगा है।

ज्ञापन में कहा गया है, की रजिस्ट्री की नई योजना से प्रभावित होने वाले दस्तावेज लेखकों के बारे में रोजगार देने का दावा करने वाली सरकार ने क्या सोचा है, पेपरलेस, फेसलेस रजिस्ट्री होने से किसान या क्रेता के पास क्या दस्तावेज रहेगा, बैंक लोन या अन्य स्थानों पर अपनी सम्पत्ति का स्वामित्व क्या दिखाएगा। दस्तावेज लेखकों कहना है, की फेसलेस रजिस्ट्री पूर्व में होती रही है, जिसमें बहुत से धांधलीयाँ व परेशानी होने के कारण ही दस्तावेजों में फोटो, लगाना,आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया था। तो अब फेसलेस रजिस्ट्री से धांधली नहीं होने की क्या गारंटी है। वहीं रजिस्ट्री जैसे संवेदनशील दस्तावेज में गवाह की अनुपस्थिति अपूर्ण प्रक्रिया है, जैसा कि वित्त मंत्री ने कहा कि फेसलेस रजिस्ट्री में गवाहों की आवश्कता नहीं होगी। पूर्व में भी बगैर गवाहों के रजिस्ट्री होती थी। परंतु विवाद की स्थिति देखते हुए गवाहों की उपस्थिति में ही रजिस्ट्री का निष्पादन किया जाता है। गवाह ही दोनों पक्ष के बीच रजिस्ट्री होने की गवाही देतें हैं और दस्तावेज को प्रमाणित करते हैं, मंत्री जी इसे समाप्त करने की योजना बना रहें हैं। ओ.पी.चौधरी मंत्री द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरलीकरण ना करते हुए और उसे कठिनाई की प्रक्रिया की ओर लाये जाने की योजना है, यदि प्रक्रिया को पेचीदा करना ही है, तो दस्तावेज लेखक को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाकर तृतीय श्रेणी वर्ग का वेतन दिया जावे। वहीं समस्त दस्तावेज लेखकों में से जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक है, उसे पेंशन योजना लागू करने की मांग करतें है।

वर्तमान में रजिस्ट्री प्रक्रिया में गूगल एप्प का नक्शा की प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। क्यूँकि रजिस्ट्री पेपर में सम्बंधित हल्का पटवारी एवं भूइंयाँ कार्यक्रम के तहत नक्शा खसरा बी -1 की प्रति संलग्न किया जाता है। मोबाईल सभी के पास है, लेकिन मोबाईल एप की जानकारी व भूमि से सम्बंधित जानकारी सभी को नहीं होती फिर ऐसे लोगों को नजरअंदाज कर सिर्फ मोबाईल के सहारे रजिस्ट्री करना कहां तक सही है। पूर्व में मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा दस्तावेज लेखकों को बिचौलिया, दलाल, बोला गया, जिसका दस्तावेज लेखक संघ कड़ी निंदा करता है। हम दस्तावेज लेखकों के माध्यम से ही शासन को करोड़ों रूपये का राजस्व प्राप्त होता है। मंत्री महोदय के द्वारा आने वाले समय में घर बैठे फेसलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया के लागू हो जाने से प्रदेश के हजारों दस्तावेज लेखक बेरोजगारी के कगार पर हो जाएंगे और अपना परिवार चलाने के लिए आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। संघ द्वारा विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर शासन से मांग की है, की वर्तमान में जो रजिस्ट्री की प्रक्रिया चल रही हैं, उसी को ही लागु रहने दें, क्यूँकि इससे खरीदी बिक्री में पारदर्शिता रहती हैं और क्रेता विक्रेता फर्जी दस्तावेज निष्पदित होने से बचेगा। ज्ञापन सौंपने वक्त दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे, उपाध्यक्ष शिव कुमार गौतम, दस्तावेज लेखक अक्षय कुमार, चंद्रशेखर पटेल, मो जुनैद कुरैशी, संजय कुमार पटेल, गोल्डी सिंह गौतम, सोमेश कुमार साहू, जयंत कुमार मूरचुलिया, योगेश कुमार साहू, भूपेंन्द्र चंद्राकर, स्टाम्प वेंडर रूप किसन साहू, जनक चंद्राकर, मिथिलेश यदु व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# दिग्विजय कॉलेज में जिला स्तरीय पुरुष एवं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महा. के तत्वाधान में दिग्विजय महा. के बैडमिटंन हॉल में जिला स्तरीय बैडमिटंन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजनांदगांव, मोहला, कवर्धा, खैरागढ जिले की रोके हिस्सा ले रही है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन के अवसर पर प्रांरभ क्रीडा अधिकारी अरूण चौधरी द्वारा प्रतियागिता के संबंध में तथा नियमों की जानकारी प्रदान की गई। विषिष्ट अतिथि डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा खिलाडियों को अच्छे खेल हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा कहा कि आप खेल को अपने जीवन का एक अंग बनाइए वर्तमान में सरकार द्वारा खिलाड़ियों को काफी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाडियो ने काफी अच्छा किया है असप की अच्छे प्रदर्शन का अपत्र नाम रौषन करे। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिता महिश्वर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल को अनिवार्य है, आप अच्छे खेल भावना का प्रदर्षन करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्षन करे तथा भविष्य में आप में से कोई श्रीकांत, सिधुं बनकर निकले यही शुभकामना है।

आज खेले गये महिला वर्ग के मैचो में गंडई महा. में बोडला को 2-0 से, डोगरगढ़ ने डोगरगांव को 2-1 से, कमला देवी महिला महा. ने कवर्धा को 2-0 से तथा दिग्विजय महा. ने विज्ञान महा. को 2-0 से पराजित कर दिया।

पुरूष वर्ग के मैचों में डोगरगढ ने डोगरगांव को 2-0 से, गडई ने बोडला को 2-0 से दिग्विजय महा. ने विज्ञान महा. को 2-0 से कवर्धा महा. ने चौकी को 2-0 से पराजित कर दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी पी.के. हरि, परेस वर्मा, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. नीता नायक, श्रीमती अनिता, के.एल. माहुले, कुमारी रामेश्वरी, रामू पाटिल सहित विभिन्न महा. के क्रीडा अधिकारी उपस्थित थें। आज के मैचों के निर्णायक संजय लिचडे, कु. ईरा हेंमत पांडे तथा राकेश थे।

# भ्रष्ट तंत्र का खामियाजा भुगत रही है खैरागढ़ - यशोदा वर्मा



खैरागढ़ (दावा)। **सन 2005 में आमनेर नदी में आये भयानक बाढ़ के बाद तत्कालिन सरकार द्वारा बाढ को रोकने के लिये प्रधानपाठ बैराज में लगभग 70 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की थी। जिसके तहत सिंचाई विभाग द्वारा उक्त बैराज में करोड़ो की अनुपूरक बजट में पास कर स्वीकृति हुआ था।**

लेकिन विभाग द्वारा उक्त बैराज में घटिया क्वालिटी का गेट लगाया गया, परिणाम स्वरूप गेट टूट गया, जिसके बाद विभग द्वारा उक्त गेट की मरम्मत हेतु करोड़ो की राशि स्वीकृत कर खर्च किये, फिर भी बैराज भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया। यदि आज बैराज सही तरीके से बना होता तो खैरागढ़ नगर के विभिन्न वार्ड व ग्राम सण्डी, राहुद, धनगांव, कामठा, मडौदा, बफरा, को इस नुकसान का सामना नहीं करना पड़ता।

### "बैराज का गेट खोलने की सुचना प्रभावित क्षेत्रवासियों को नहीं दी"

जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ में प्रभावित ग्राम व नगर को बिना सुचना दिये विभाग द्वारा बैराज का गेट खोल दिया,जिसका खामयाजा खैरागढ नगर के विभिन्न वार्डो सहित ईतवारी बाजार, खैरागढ़ के व्यापारियों को भुगतना पड़ा इनका जिम्मेदार कौन है? क्या इसकी भरपाई शासन प्रशासन द्वारा किया जायेगा? अगर समय रहते प्रशासन द्वारा गेट खालने से पहले नगर में मुनयादी कराया जाता तो शायद नगर में व्यापारियों को नुकसान का सामना नहीं करना पड़ता।।

### 'बायपास सड़क 15 साल में भी पुरा नहीं हुआ'

लोक निर्माण विभाग के उदासीनता व ठेकेदार के लापरवाही के कारण खैरागढ़ बायपास रोड आज 15 वर्ष बित जाने के बाद भी नहीं बना है, जिसके कारण बाढ़ आने पर खैरागढ नगर से संपर्क टूट जाता है, लोक राजनांदगांव से कवर्धा आने जाने वाले यात्रीगण पुरे दिनभर भटकते रहे, अगर बायपास सड़क पुरा हुआ रहता। तो यह मंजर देखने नहीं मिलता, आज 15 साल बित जाने के बाद भी कार्य अधुरा है, जिसके खामयाजा जनता भुगत रही है। लगता है, बायपास बनने के दौरान चुनिन्दा व्यापारियों और नेताओं ने जरूर चांदी काट ली है, मुआवजा प्राप्त करने के बाद उन व्यापारियों एवं नेताओं द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण से शासन प्रशासन के साथ भी विभाग गहरी नींद में सोये हुये है, अगर बायपास रोड बन जाता तो यात्री इतना परेशान नही हुए रहते।

### "इसके जिम्मेदार कौन है?"

तत्कालीन सरकार द्वारा जिस उद्देश्य से प्रधानपाठ बैराज व बायपास रोड़ व सड़क का निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। वह विभाग के भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गये है। जिसका खामयाजा पुरे क्षेत्रवासी भुगत रहीं है।

# विभाग स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरु



विभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी पूर्ण

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में विभाग स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन होना है। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव ने बताया यह प्रतियोगिता 12, 13 और 14 सितंबर को आयोजित होगी। जिसमें राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा, मोहला, मानपुर, बालोद, बेमेतरा इन सभी जिलों के प्रतिभागी भैया बहन की संख्या लगभग 300 होगी। जो इस आयोजन में भाग लेंगे। इसी प्रकार 13 और 14 सितंबर को प्रांत स्तरीय योग और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों के प्रतिभागी भैया बहन भाग लेंगे। इनकी संख्या 150 हो सकती है। इसी इसके पश्चात क्षेत्र स्तर का योग एवं शतरंज प्रतियोगिता भी सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में आयोजित होगी जिसमें छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के छात्र छात्रा प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होंगे इस प्रतियोगिता के पश्चात विजय भैया बहन या प्रतिभागी अखिल भारतीय स्तर के लिए एसजीएफआई के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सचिव, नीलम चोपड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गिरधर, कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल सुरेश सोनी गोपाल खेमुका प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती सुषमा सांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, कौशल्या वर्मा, प्रीतिबाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि लगे हुए है।

# बाढ़ प्रभावितों से मिलने पहुंचे शहर कांग्रेस अध्यक्ष व पदाधिकारी



राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा अपने पदाधिकारियों के साथ 12 सितंबर गुरूवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मोहारा, मोहड़ व हल्दी क्षेत्र का दौरा कर वहां की स्थिति-परिस्थितियों को नजदीक से देखा एवं बाढ़ पीड़ितों से उनका हाल-चाल जाना एवं समस्याओं को जल्द से जल्द सुलझाने की बात कही।

इस दौरान ग्रामीण कांग्रेसजनों को अपनी आप बीती बताते हुए रोने लगे और कहा कि साहब हमारे पास कुछ नहीं बचा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि जलाशयों के गेट खोले जाने के कारण इस तरह की स्थिति बनी है जो शायद मैने पहले कभी नहीं देखा। शासन-प्रशासन की लापरवाही के चलते इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है, वहीं सड़के पूरी तरह से उखड़ चुकी है। श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव के विधायक डॉ.रमन सिंह मात्र खानापूर्ति करने अखबार के पन्नों में नाम छपाने दौरे पर आए थे, उन्होंने न तो घरों को झांक कर देखा न ही उनकी तकलीफों को समझने का प्रयास किया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, पार्षद मधुकर वंजारी, सचिन टूरहाटे, बबूल कसार, संदीप जायसवाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ग्राम छिपा स्थित नाला व स्टाफ डैम ग्रामीणों के लिए बना मुसीबत



डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम छिपा में इस बार की बारिश ने गांव के मुख्य मार्ग मे स्तिथ छिपानाला में बना पुल छतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में संभावित दुर्घटना को लेकर घबराहट देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल बच्चों को हो रही है। साथ ही किसान मजदूर को कामकाज आने-जाने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों को भी आवागमन में अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग में फोन लगाओ तो फोन अटेंड नहीं करते हैं। शिकायत मिलने पर निरीक्षण की औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं।

विगत अनेक वर्षो से समस्या जस की तस बनी हुई है। नाले पर बने पुल में बनी खाई बरसात से पहले काम के दौरान विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को उन लोगों के माध्यम से अवगत करा दिया गया था। जो अत्यधिक बरसात से पुल की खाई और बढ़ गई। जबकि मौखिक रूप में ठेकेदार के मुनीम को भी बोला गया था। कि इसमें कॉंग्रेटिंग करो लेकिन उसने ग्रामीणों की बात को ध्यान नहीं दिया। ग्रामीण उससे ज्यादा क्या कर सकते हैं।

### छिपा नाला में बनाया गया स्टाफ डैम ग्रामीणों के लिए बना मुसीबत

छिपा नाला पर 2018 मैं बने स्टॉप डैम हर साल की तरह इस बार भी किसानों एवं ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। क्योंकि हर साल की तरह इस बार भी डैम पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जबकि इस डैम में पानी भरे रहने से ग्रामीण एवं किसानों को वाटर रिचार्ज में काम आता है। ऐसी स्थिति में इस बार गर्मी में ग्रामीणों को पानी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों की ओर से विगत 5 वर्षों से मांग किया जा रहा है इसे सुधारने रिपेयरिंग करने के लिए। अभी तक संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। सरपंच द्वारा संबंधित विभाग को ग्रामीणों की समस्या से हर मर्तबा अवगत कराया जाता है। लिखित एवं मौखिक में लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है। छिपा पंचायत में करोड़ों के 7 स्टॉप डैम बने हैं। लेकिन कहीं से कोई लाभदायक नहीं है। सभी डैम में कुछ ना कुछ बिगड़ी हुई स्थिति बनी हुई है।

### ग्रामीणों का मांग है कि जल्द से जल्द आवागमन की सुविधा बहाल हो

ग्रामीण चंद्रशेखर वर्मा, बीरबल वर्मा, डक्कार वर्मा, मुकेश वर्मा ,योगेश वर्मा, प्रीतम वर्मा, यदु वर्मा, खमन वर्मा, सोनू वर्मा, यशवंत वर्मा, छन्नू वर्मा, रोहित कुमार, जितेंद्र वर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, सहित अनेक ग्रामीणों ने उचित मरम्मत कार्य एवं आवागमन की सुविधा को बहाल करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# सुधारी गई एक्स-रे मशीनें फिर बारिश की भेंट चढ़ी

**0 जिला चिकित्सालय में बंद पड़ी सिटी स्केन व एक्स-रे मशीन**
**0 मरीजों की जांच और इलाज ठप, लोगों को हो रही परेशानी**



राजनांदगांव (दावा)। सोमवार की रात हुई भारी बारिश के चलते बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय में पानी भर जाने से गत दिनों सुधारे गए एक्सरे मशीन फिर से खराब हो गया है, इससे मरीजों को एक्स-रे जांच के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

बता दें कि गत 22 जुलाई को जमकर हुई बारिश में जिला चिकित्सालय में बारिश का पानी घुस जाने से सिटी स्कैन मशीन, डिजीटल एक्स-रे मशीन ने काम करना बंद कर दिया था। महिनों तक इसकी सुधार नहीं होने से दोनों जांच मशीने अब तक बंद पड़ी रही। दैनिक दावा द्वारा इस संबंध में लगातार समाचार प्रकाशन के बाद डिजीटल एक्स-रे मशीन की आंशिक सुधार की गई थी। इससे रोजाना दर्जन भर के करीब एक्सरे किया जा रहा था। लेकिन सोमवार की रात जिले में हुई तेज व मूसलाधार बारिश से जिला चिकित्सालय में पानी भरने की वजह से अस्पताल के सुधार हुए एक्सरे मशीन ने फिर से काम करना बंद कर दिया। इससे मरीजों की जांच व इलाज पूरी तरह ठप पड़ गया है। जांच के अभाव में मरीजों को बाहर से ज्यादा पैसे खर्च कर एक्सरे व सीटी स्कैन जैसी जांच करवानी पड़ रही है।

बता दे कि बीते महिने 22 जुलाई को हुई बारिश के बाद जिला चिकित्सालय में पानी भरने से सीटी स्कैन व एक्स-रे मशीन दोनों बद पड़े है। पिछले दिनों 21 लाख रूपए खर्च कर सिटी स्कैन के खराब हुए पूर्जों को बदल कर उसे चालू करने का प्रयास किया गया था। लेकिन उक्त कक्ष में सीलन का वातावरण होने से रायपुर से आए मेकेनिक ने उसे ठीक करने से हाथ खड़ा कर दिया। इसी तरह के हालात एक्स-रे कक्ष के भी बने हुए है। एक्सपायरी डेट के करीब पहुंच चुके एक्स-रे मशीन को ले-देकर सुधारा गया था। इससे वह आंशिक रूप से काम करना शुरू कर दिया था लेकिन वहां भी सीलन की स्थिति बनी रहने से शार्ट होने के कारण फिर से वह बंद पड़ा हुआ है।

बताते चले कि मेडिसिटी जोनल रायपुर के समल सुदीप ने उस दौरान बताया कि एक्स-रे मशीन को ठीक करने के लिए साफ्ट वेयर व डिटेक्शन केबल को बदलने की जरूरत है। लेकिन कक्ष के नमी होने के कारण एक्स-रे मशीन फिर से खराब हो जाएगा। और वही हुआ भी। उसी समय उन्होंने कहा था कि बसंतपुर जिला चिकित्सालय के करोड़ों की आधुनिक चिकित्सा मशीनों को बचाने के लिए वहां के ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने की जरूरत है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन इस ओर से पूरी तरह मुख मोड़े हुए है। हर बरसात में हास्पिटल में पानी भर जाना साधारण सी बात है। सामने का गंदा व बजबजाते हुए नाले के पानी जरा सी बारिश होने पर ओवर फ्लो होकर बहने लगता है जिसका गंदा पानी अस्पताल में प्रवेश कर जाता है। सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश से उक्त नाले का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर जिला चिकित्सालय में प्रवेश कर गया। इससे अस्पताल के फर्श से लेकर ओपीडी हाल डाक्टर्स रूम, ओपीडी पंजीयन काउंटर के सामने पुलिस चौकी मेट्रन नर्स रूम ,माइनर ओटी सभी में पानी भर गया । इससे हास्पिटल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों सहित मेडिकल स्टाफ के लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाले के गंदा पानी अस्पताल में प्रवेश से सीटी स्कैन., एक्स-रे व सोनोग्राफी रूम में पानी भर गया। इससे रहे-सहे रुप में काम कर रहे सोनोग्राफी मशीन भी बंद रहे। इससे मरीजों की जांच व इलाज पूरी तरह ठप हो गया। बाद में अस्पताल के फर्श पर फैली कीचड़ व अन्य स्थानों की सफाई की गई तब कही जा कर स्थिति सामान्य हुई व मरीजों का इलाज शुरू किया जा सका। लेकिन ले-दे कर ठीक किया गया एक्स-रे मशीन ने फिर से काम करना बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि रायपुर से मेकेनिक भेजकर सुधारा जाएगा लेकिन वहां सीलन की स्थिति बनी रहने से स्थिति फिर से वही ढाक के तीन पात की तरह हो जाएगी।

> जिला चिकित्सालय के आसपास के ड्रेनेज सिस्टम की सुधार? के संबंध में कलेक्टर डिसीजन ले सकते हैं। बार-बार यहां पानी घुसने से अत्याधुनिक चिकित्सा मशीनें शाट हो जाती है। सीजीएमएससी को इस संबंध में जानकारी दी जा चुकी है। एक्सरे मशीन सुधार के लिए मंडे तक मेकेनिक भेजा जाएगा।
> **समल सुदीप, मेडेसिटी जोनल- रायपुर**

> इस संबंध में कार्य एजेंसी सीजीएम एससी ही कुछ कर सकती है,
> **डॉ यू.के. चंद्रवंशी**
> **सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय**

# बाल रत्न मंच गणेश उत्सव पंडाल में 5100 दीपों से दीपोत्सव संपन्न



**0 सनातन की अलख जगाने संस्कारधानी के जन जन ने दीप जलाए**
**0 पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी सनातन का दीप प्रज्वलित किया**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में बाल रत्न मंच गणेश उत्सव समिति के संयोजक संदेश जैन, प्रशांत अग्रवाल रवि शर्मा ने बताया की गणपति पंडाल में देव दीपावली भाद्रपद शुक्ल नवमी तिथि 12 सितंबर, गुरुवार संध्या 7:00 बजे 5100 दीपो से दीपमालिका सजाकर दीपोत्सव मनाया दीपोत्सव आयोजन में पधारे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सनातन का एक दीप प्रज्वलित किया दीपोत्सव के मुख्य अतिथि श्रीमती अलका सुरजन, एवं श्रीमती सुषमा सुरजन विशिष्ट अतिथि रमेश जैन सपत्नीक पहुंचे समाजसेवी छुरिया वाले, विशिष्ट अतिथि माननीय अशोक पांडे संपादक नंदगांव टाइम्स, राजेश शर्मा सपत्नीक पूर्व सैनिक, श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती साधना तिवारी, श्रीमती प्रज्ञा पंकज गुप्ता, सभी अतिथियों ने सनातन का दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव प्रारंभ किया। आयोजन में पधारे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का स्वागत समिति के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने माल्यार्पण कर एवं संरक्षक रमेश जैन द्वारा दुपट्टा पहनाकर किया समस्त अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर किया पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की जगन्नाथ महाप्रभु की गोद में बाल स्वरूप गणपति की अद्भुत मनमोहक छवि के दर्शन से जीवन धन्य हुआ आपकी संस्था के 31वें वर्ष के आयोजन में सनातन संस्कृति का एक दीप जलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आपकी संस्था अनेक सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है आप सभी को मेरा नमन जय श्री गणेश, जय जगन्नाथ दीपोत्सव के आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोगी संस्कार ठाकुर का स्वागत संस्था के संयोजक प्रशांत अग्रवाल ने किया दीपोत्सव आयोजन के सहयोगी राकेश ठाकुर शनि धाम परिवार का सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन सौरभ खंडेलवाल ने किया प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है उपरोक्त जानकारी बाल रत्न मंच गणेश उत्सव आयुष शर्मा हर्ष अग्रवाल ने दी।



## महाआरती का आयोजन ...



राजनंदगांव (दावा)। झूलेलाल युवा समिति द्वारा झूलेलाल नगर चौघड़िया मैं पहाड़ में विराजमान कल शाम 7:00 बजे महाआरती का आयोजन किया गया तो पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में 10 दिनी भंडारा रोज, उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



राजनंदगांव (दावा)। शहर की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गणेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम मंदिर जनता कॉलोनी लखोली में समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार 10 दिवस तक भंडारा आयोजित करके प्रथम पूज्य देवता का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है।

**प्रतिदिन अतिथियों को सम्मान में मोमेंटो व गणेश भगवान का फोटो फ्रेम भेंट**

समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे और उपाध्यक्ष गप्पू सोनकर (पार्षद वार्ड क्रमांक 31 ) ने समवेत तौर से बताया कि इस मंदिर में वर्ष भर समय-समय पर विशेष आयोजन होते रहते हैं। फिर तो श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में गणेश उत्सव का कहना ही क्या? जनता कॉलोनी ही नहीं आसपास के श्रद्धालुओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। 07 सितंबर गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश उत्सव की अनंत चतुर्दशी तक धूम रहेगी। प्रतिवर्षानुसार इस बरस भी 10 दिन तक हर शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारा प्रसादी का महा आयोजन हो रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में प्रतिदिन वार्डवासी सहित आसपास के लोग भंडारे में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। सुबह शाम नियमित आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन अतिथियों का सम्मान में अतिथि का फोटो, नाम व पदनाम वाला मोमेंटो और भगवान गणेश जी का फोटो फ्रेम भेंट किया जा रहा है। रोज संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठा रहे है। मंदिर को विशेष ढंग से सजाया गया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे संरक्षक व पार्षद गप्पू सोनकर, सचिव मोहन सिंह राजपूत संरक्षणगण, महेश अग्रवाल, राजेंद्र लड्डा, टी आर ठाकुर, राजेंद्र श्रीरंगे, मोहन सिंग राजपूत, नवीन जैन, दीपक जैन, अलोक श्रीवास्तव, तिलाराम ठाकुर, किशोरी पारख, मन्नू शुक्ला, झनक राजपूत, राकेश सरोदे, निक्कू पाण्डेय, गवरव सोनकर, सोनू सोनकर, उभेलाल सोनकर, हरिश श्रीरंगे, दिनेश साहू, बृजेश श्यामकर और उभेलाल सोनकर, समिति के पदाधिकारी सदस्य गण सहित समस्त वार्डवासी के लोग उपस्थित हैं।

# आज अपने-अपने मंदिरों से जलक्रीड़ा करने निकलेंगे भगवान ठाकुर जी

**रानीसागर में मधुसूदन यादव एवं हेमा देशमुख करेंगे डोलो की अगुवानी**

राजनंदगांव (दावा)। भादवा शुक्ल एकादशी जो डोल ग्यारस के नाम से प्रसिद्ध है, के दिन नगर के विभिन्न मंदिरों मैं प्राण प्रतिष्ठित भगवान राधा कृष्ण एवं बालकृष्ण भव्य डोले एवम रथ में बैठकर नगर भ्रमण करते हुए रानी सागर में जल क्रीड़ा करने पहुंचते है। 14 सितंबर शनिवार को नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री बलदेव राधाकृष्ण मंदिर (किला मंदिर), श्री बालाबाबा मंदिर, श्री मोतीनाथ मंदिर, श्री बलभद्री जमात मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्री स्वामी जुगलकिशोर बड़े जमात मंदिर, श्री नोनी बाई मंदिर, श्री जलाराम राम मंदिर में विराजित भगवान राधाकृष्ण एवम बालकृष्ण भगवान अपने अपने मंदिरों से सज धजकर डोले अथवा रथ में विराजित होकर दोपहर 1:45 बजे तक पुरानी गंज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुंचेंगे। सभी देवी देवताओं का स्वागत श्री बालाजी मंदिर समिति द्वारा किया जायेगा। यहां भगवान की पूजा आरती राजगामी संपदा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल एवम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल द्वारा की जाएगी, पश्चात सभी डोलो को श्री पटेल एवम श्री बघेल द्वारा अपने हाथों से उठाकर डोला यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा।

संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, मंदिर समिति के रामावतार जोशी, सुरेश अग्रवाल, लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी दी है कि डोला यात्रा में सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन एवम साथियों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। डोला यात्रा पुरानी गंज मंडी से तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, फौव्वारा चौक से जमात पारा होते हुए रानीसागर पहुंचेगी। यहां सभी डोलो में विराजित भगवान राधाकृष्ण एवम बालकृष्ण की अगुवानी पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं महापौर श्रीमती हेमा देशमुख द्वारा करके नौका में बैठाया जायेगा। सभी भगवान रानी सागर में जल क्रीड़ा करने नौका विहार करेंगे।

नौका विहार के पश्चात सभी डोले अपने अपने मंदिरों के लिए प्रस्थान करेंगे। जल क्रीड़ा महोत्सव आयोजन समिति ने नगर की धर्मप्रेमी माता - बहनों एवम बंधुओ से आग्रह किया है कि डोला यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें एवम अपने अपने घर के सामने प्रभु का दर्शन पूजन कर भगवान का स्वागत अभिनंदन करते हुए डोले के नीचे से निकलकर पुण्य के भागी बने।

# कल सुंदरा हॉस्पिटल में गंभीर बीमारियों पर सेमीनार



राजनांदगांव (दावा)। नगर का सुप्रसिद्ध सुंदरा मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में कल 15 सितंबर को कैंसर, मुत्ररोग, किडनी जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु वृहद, सेमिनार को आयोजन डेंटल कॉलेज परिसर, सुंदर में किया जा रहा है।

सेमीनार में देश के सुप्रसिद्ध कोकिला बेन धीरू भाई अंबानी हास्पिटल, मुंबई के रक्त केंसर व प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. समीर तुलपुल एवं मूत्र व किडनी रोग विशेषज्ञ व रोबोटिक सर्जन डॉ. श्याम वर्मा विशेष रूप से आमंत्रित किए गए है। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वय द्वारा बढ़ते कैंसर एवं स्वच्छ पानी की कमी के कारण बढ़ते पथरी एवं प्रोटेस्ट के खतरे से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जाएगी।

सुंदरा मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के नेमीचंद पारख ने संबंधित व्याधियों से ग्रस्त व्यक्तियों एवं आम जनता से विशेषज्ञ चिकित्सकों के विचार सुनने की अपील की है।

# बाढ़ पीड़ितों की व्यवस्था में नाकाम रहा प्रशासन - भागवत साहू



**जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष ने लिया बाढ़ प्रभावित ग्रामों का जायजा**

राजनंदगांव (दावा)। दो-तीन दिन पहले जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ आने के बाद स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भागवत साहू ने बाढ़ प्रभावित इलाकों मोहारा, मोहड़, भर्रेगांव, रवेली, खैरा आदि का दौरा किया। इस दौरान श्री साहू ने भर्रेगांव जाने के पहले कन्हारपुरी में रुके पानी अधिक होने की वजह से आगे जाने में काफी दिक्कत हुआ। कन्हारपुरी में रुककर वहां के लोगों से बात किया और मोबाइल फोन के माध्यम से भर्रेगांव के लोगों से मोबाइल पर चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन से हमें कोई मदद नहीं मिला। उनके इस आकस्मिक दौरे से उन्हें यह पता चला कि अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावितों के बचाव एवं राहत कार्य में जिला प्रशासन ने समुचित व्यवस्था नहीं की थी। इस वजह से प्रभावित लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्री साहू ने भाजपा सरकार पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं को जनता की फिक्र नहीं है। उन्हें तो अपनी सदस्य संख्या बढ़ाने की फिक्र ज्यादा है। अगर चिंता होती तो इस प्राकृतिक आपदा की स्थिति में भाजपा नेता बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आते लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाढ़ में फंसे लोगों को खाने पीने के अलावा अनेक परेशानियों से भाजपा शासन में जूझना पड़ा है। ऐसे मौके पर तो भाजपा नेताओं को आगे जाकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। लेकिन सिर्फ सत्ता सरकार सुख भाजपा नेता भोग रहे है। इसके अलावा कुल मिलाकर जिला प्रशासन बाढ़ आपदा योजना को लेकर पूरी तरह जीरो रहा। भाजपा राज में अफसर शाही हावी है। सिर्फ हेल्प लाइन नंबर डालकर छोड़ दिया। बाढ़ में फंसे लोगों की चिंता ना तो भाजपा के नेताओं ने की और ना हीं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों ने की। जिसको लेकर बाढ़ पीड़ितों में भाजपा सरकार के प्रति काफी रोष देखने को मिला है। इस दौरान जिले के वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू मौजूद थे।

# मुझे गर्व है मैं मूर्धन्य साहित्यकारों की भूमि पर जन्म लिया- मधुसूदन यादव

**डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की 126 वीं जयंती पर संस्कारधानी मिश्रमय हुई**

**त्रिवेणी परिसर की परिकल्पना डॉ. रमन ने साकार की- मधुसूदन यादव**



राजनांदगांव (दावा)। डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की कल 126 वीं जयंती के अवसर पर संस्कारधानी राजनांदगांव दिनभर ऐतिहासिक रूप से मिश्रमय रही। सुबह से रात्रि तक मिश्र जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर विभिन्न कार्यक्रमों में निरंतर चर्चा होती रही। सुबह त्रिवेणी परिसर पर पुष्पांजलि के प्रारंभ हुआ क्रम अनवरत जारी रहा।' त्रिवेणी परिसर में प्रातः पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् दिग्विजय महाविद्यालय के सभागार में डॉ. शंकर मुनि राय एवं डॉ. श्रीमती नीलम तिवारी सहित महाविद्यालय के छात्रों ने एक गोष्ठी आयोजित की जिसमें मिश्रजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा हुई।

प्रातः स्थानीय त्रिवेणी परिसर में डॉक्टर मिश्र की प्रतिमा में पुष्पहार अर्पित कर पुण्य स्मरण किया गया। पुष्पांजलि कर्यक्रम में पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं की इन तीन मूर्धन्य साहित्यकारों की कर्मभूमि में उनका जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि वे हमेशा संस्कारधानी के गौरव एवं सम्मान की रक्षा के लिए कृत संकल्पित हैं । इस अवसर पर कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा (सेवानिवृत डीएसपी) ने त्रिवेणी परिसर में त्रिमूर्ति के ऊपर छत का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की मांग की, जिसे संवेदनशील पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने स्वीकार कर कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

त्रिवेणी परिसर में डॉ. शंकर मुनि राय (विभागाध्यक्ष हिंदी शा. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव), अखिलेश तिवारी (अध्यक्ष नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद), अजय शुक्ला (सचिव कान्यकुब्ज सभा) ने संबोधित किया। डॉ. श्रीमती नीलम तिवारी ने शा. दिग्विजय महाविद्यालय के दिग्दर्शन में भारी संख्या में महाविद्यालय के छात्र भी आये। उन्हें डॉ. नीलम तिवारी ने संस्कारधानी के तीनों साहित्यकार डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र, गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. आर.पी. दीक्षित, बी.डी. तिवारी, भूपेंद्र बाजपेयी, संजीव मिश्रा, प्रभात तिवारी, जगदीश प्रसाद मिश्रा, मनीष मिश्रा, शैलेष शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र हा. से. स्कूल

डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल बसंतपुर में दोपहर 01.00 बजे मिश्र की प्रतिमा पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमंत शेखर यादव, कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा एवं प्राचार्य कैलाश चंद्र शर्मा सहित शाला विकास समिति सदस्यों, शिक्षकों एवं छात्रों ने पुष्पांजली अर्पित की। मुख्य सभागार में शाला परिवार एवं छात्रों की महती उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मां सरस्वती की पूजा अर्चना, दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती तथा मिश्रजी के तैलचित्र पर पष्पहार अर्पित किया गया। मंचस्थ अतिथियों में शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमंत शेखर यादव, कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, प्राचार्य कैलाशचंद्र शर्मा, नांदगांव साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष अजय शुक्ला, डी.के. तिवारी, सदस्यगण पीयूष चितलांग्या, शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती हरेश्वरी साहू, प्रशांत गुप्ता, कैलाश जोशी एवं बसंत चितलांग्या ने अपने उद्बोधन दिये। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याताद्वय हेमंत देशमुख तथा श्रीमती संगीता ब्यौहारे ने किया। इस अवसर पर शाला में आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किये गये। काव्यांश पाठ में प्रथम सुश्री दिव्या यादव एवं द्वितीय तुलेश कुमार रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दिलेश्वरी मानिकपुरी, द्वितीय ऋतु साहू, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम भावना सोनकर द्वितीय भूमिका साहू को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर शाला परिवार के चंद्रकांत चंद्राकर, गोविंद वर्मा, विजय अय्यर, श्रीमती अलका पांडे, श्रीमती सरिता मेश्राम, लक्ष्मी बेनर्जी, श्रीमती आंचल मेश्राम, श्रीमती सुलेखा मिश्रा, अभिषेक ढोक, रामकुमार साहू, श्रीमती देवांगन सहित शाला परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

संध्या काल में परिसंवाद का शुभारंभ डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की कर्मस्थली मानस भवन राजनांदगांव में दीप प्रज्जवलन एवं मिश्र जी के तैलचित्र पर पुष्पांजली के साथ प्रारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय परिसंवाद में मुख्य वक्ता डॉक्टर आर एन त्रिपाठी (महासचिव बंग हिंदी साहित्य परिषद कोलकाता) ने बताया कि डॉ. मिश्र ने बंग हिंदी साहित्य परिषद कोलकाता के 6 वर्षों तक अध्यक्ष रहकर बंगाल में हिंदी को प्रतिष्ठित किया। उन्होंने बताया की परिषद की लाइब्रेरी में मिश्र जी के दुर्लभ ग्रंथ अभी भी विद्यमान है । इस संगोष्ठि में डॉ. शंकर मुनि राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉक्टर मिश्र राम काव्य परंपरा के तीन महाकाव्य की रचना करने वाले देश के प्रथम व एकमात्र साहित्यकार है। उन्होंने दुख जाहिर करते हुए कहा कि हिंदी साहित्य जगत ने उन्हें वह स्थान नहीं मिला जिसके वह वास्तव में हकदार थे। नगर के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा (विभागाध्यक्ष एवं संयोजक छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, दुर्ग) ने मिश्र जी के कई ग्रंथों व व्यक्तिव का सूक्ष्मता से विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेषकर मिश्र जी द्वारा रचित 'जीव विज्ञान' के दार्शनिक एवं आध्यात्मिक पक्ष को उजागर किया।

सेमिनार का अंत में डॉ. लालचंद सिन्हा (सहा. प्राध्यापक, शा. महाविद्यालय, ठेलकाडीह) ने आभार प्रकट कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। डॉ. श्रीमती नीलम तिवारी ने संगोष्ठी का प्रभावी संचालन कर उत्कृष्ट साहित्यिक वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम मे दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो आर एन पटेल, दुर्ग से अरुण कुमार निगम, प्रो आर पी दीक्षित, प्रभात तिवारी, कोमल सिंह राजपूत (प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा), ऋषिकुमार तिवारी, वी.डी.तिवारी, जगदीश प्रसाद मिश्र, शैलेश शुक्ला, शिविर धंधानिया, भूपेंद्र बाजपेई, मनीष मिश्रा, स्नेहा तिवारी, दिवाकर बाजपेयी कमल सोनी सिडनी आस्ट्रेलिया से डॉ. मृणाल शर्मा की सहभागिता उल्लेखनीय रही.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com